राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# दिव्य दिनकर

एक निडर सच का दर्पण

रांची और पटना से एक साथ प्रकाशित




8

वर्ष 12 अकं :196 रांची (झारखंड) रविवार,27 अप्रैल 2025 पेज - 08 मूल्य: 2 RNI NO- JHAHIN/2013/54373


## गुरुग्राम में बोले बाबा धीरेन्द्र शास्त्री- 'हिंदुओं को एकजुट करने के लिए देशभर में निकालूंगा पदयात्रा'

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** बागेश्वर धाम के बाबा धीरेन्द्र शास्त्री ने आतंकियों को पंक्चर पुत्र कहते हुए हिन्दुओं को एकजुट होने का आह्वान किया। शास्त्री ने कहा कि अब समय आ गया है हमें क्षेत्र और भाषा के हिसाब से बंटना नहीं बल्कि एकजुट होना है।मैंने प्रण लिया है कि हिंदुओं को एकजुट करने के लिए देश के कोने कोने में पदयात्रा निकालूंगा। उन्होंने कहा कि हिन्दुओं मेरा साथ दो, मैं तुम्हें हिंदू राष्ट्र दूंगा। बाबा धीरेन्द्र शास्त्री शनिवार को यहां सेक्टर-43 के एक ग्रुप के निमंत्रण पर गुरुग्राम पहुंचे। उन्होंने हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में हिस्सा लिया। धीरेंद्र शास्त्री के पहुंचने पर पूरा पंडाल जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। शास्त्री जेहादियों पर जमकर गरजे। धीरेंद्र शास्त्री ने पहलगाम में हुई आतंकी घटना की निंदा करते हुए कहा कि वहां आतंकियों ने जाति या राज्यों के नाम पूछकर नहीं, बल्कि धर्म पूछकर गोली मारी है। शास्त्री ने कहा कि अब समय आ गया है, हमें क्षेत्र और भाषा के हिसाब से बंटना नहीं बल्कि एकजुट होना है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि पहलगाम की घटना से कुछ लोगों को मजा आ रहा है। अंदर ही अंदर खुश है। उन्होंने कहा, मैंने प्रण ले लिया है कि हिंदुओं को एकजुट करने के लिए देश के कोने-कोने में पदयात्रा निकालूंगा। उन्होंने हिंदू युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि शास्त्रों के साथ-साथ आत्मरक्षा



के लिए शस्त्रों का भी ट्रेनिंग लें। शास्त्री ने कहा कि जब वे 12 बच्चे पैदा कर सकते हैं तो हिंदू भी चार बच्चे पैदा करें, दो बच्चे परिवार और व्यापार लिए तथा दो बच्चे हिंदू राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए। धीरेन्द्र शास्त्री ने मौजूद लोगों से वादा मांगते हुए कहा कि तुम मेरा साथ दो, मैं तुम्हें हिंदू राष्ट्र दूंगा। धीरेंद्र शास्त्री ने सभी लोगों से एकजुट होने का वादा भी मांगा। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि मेरे हिन्दुओं, तुम लोगों ने पहलगाम में तो देख ही लिया है। उन्होंने तुम्हारी जाति नहीं पूछी, सिर्फ यह पूछा मुसलमान हो तो कलमा पढ़ो। ना कहने पर गोली मार दी। शास्त्री ने कहा कि हम बस यही कहेंगे, हिंदू एक रहेगा तो कोई भी उसका बाल बांका नहीं कर सकेगा। शास्त्री ने आगे कहा कि हम पदयात्रा में चिल्लाते रहे, लोग मजाक उड़ाते रहे। वे भेदभाव मिटाने और जात-पात मिटाने निकले हैं। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हिंदुओं अभी भी तुम क्षेत्रवाद और जातिवाद में बंटे रहोगे तो एक दिन ऐसा आएगा कि तुम्हारी दिल्ली में तुम लोगों को मारा जाएगा। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हम तो चाहते हैं कि भारत एक हिंदू राष्ट्र बने। हिंदू राष्ट्र बनेगा तो गैर भी आने से पहले विचार करेगा। उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत आबादी हिंदू है और हिंदू होना गुनाह है। यह कैसा दुर्भाग्य है। शास्त्री ने ललकारते हुए कहा कि हिंदुओं तुम एकजुट नहीं हो, तुम बंटे हुए हो और डरपोक हो। क्योंकि तुमने शास्त्र और शस्त्र दोनों ही छोड़ दिए। उन्होंने कहा कि हिंदुओं जिस दिन तुम शास्त्र और शस्त्र लेकर चलोगे, उस दिन तुम्हारा कोई बाल बांका नहीं कर सकेगा।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सफाई करते समय पिकअप ने मारी टक्कर, 6 कर्मचारियों की मौत, 5 घायल

**एजेंसी**

**नूंह ।** हरियाणा के मेवात जिले में स्थित दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। थाना फिरोजपुर झिरका सीमा के अंतर्गत इब्राहिमबास गांव के पास यह दर्दनाक हादसा उस समय हुआ जब सफाई कार्य में लगे करीब 11 कर्मचारी एक्सप्रेसवे की साफ-सफाई कर रहे थे। सुबह करीब 10 बजे एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने अचानक आकर सफाई कर्मचारियों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही 6 कर्मचारियों की मौत हो गई और 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। उन्होंने घायलों को अस्पताल पहुंचाने में भी मदद की। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां दो की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कई कर्मचारी दूर तक उछलकर जा गिरे और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सड़क पर खून के निशान और क्षत-विक्षत शवों को देख लोग स्तब्ध रह गए। पुलिस, एंबुलेंस और सड़क सुरक्षा एजेंसियों की टीमें मौके पर पहुंचीं और तुरंत राहत कार्य शुरू किया गया। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर जाम लग गया, जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। प्रशासन ने तुरंत ट्रैफिक डायवर्ट कर यातायात सामान्य करने की कोशिश की। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने के साथ ही घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि हादसे में मारे गए कर्मचारियों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर पिकअप वाहन के चालक की तलाश और घटना की जांच की जा रही है। चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है घटना की जांच के बाद ही मामले में आगे कुछ कहा जा सकता है। फिलहाल पुलिस घटना की हर एंगल से जांच कर रही है। इससे पहले भी दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर लापरवाही और तेज रफ्तार के चलते कई हादसे हो चुके हैं।



## 'नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड' में तकनीकी गड़बड़ी से प्रभावित आईटी सेवाएं हो रहीं बहाल: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को कहा कि नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड (एनजीसी) में तकनीकी गड़बड़ी आने के कारण कई सूचना संचार प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं प्रभावित हुई हैं। कोर्ट ने यह भी बताया कि प्रभावित सेवाओं को बहाल करने का काम जारी है। एक नोटिस के जरिए बताया गया कि रजिस्ट्री से जुड़ी विभिन्न सूचना संचार प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं एनजीसी में तकनीकी गड़बड़ी के कारण प्रभावित रहीं। सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस में बताया, सुबह से ही नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड (एनजीसी) में तकनीकी गड़बड़ी के कारण रजिस्ट्री द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सूचना संचार प्रौद्योगिकी-आधारित सेवाएं, जैसे वेबसाइट, ई-फाइलिंग, एससीआर और डिजीएससीआर पोर्टल पर प्रतिकूल असर पड़ा है। ने आगे कहा कि सभी संबंधित टीम सेवाओं की शीघ्र बहाली पर काम कर रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा, ÷आपको हुई किसी भी असुविधा के लिए हमें खेद है। हम आपके धैर्य, समझ और सहयोग की सराहना करते हैं।



नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड एक यूनिक क्लाउड सर्विस है। यह सर्विस एनआईसी के तहत विभिन्न सरकारी परियोजनाओं को दी जा रही है। यह संगठनों को सिंगल एंड यूज पोर्टल का इस्तेमाल कर कई निजी और सार्वजनिक क्लाउड सेवाओं को चुनने की अनुमति देता है। नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) द्वारा संचालित एक सुरक्षित डेटा सेंटर में कंप्यूट, स्टोरेज, डेटाबेस और नेटवर्क जैसी विभिन्न ऑन-प्रिमाइस सेवाएं प्रदान करता है।सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री अपने डिजिटलीकरण और डिजिटल संरक्षण प्रयासों के के रूप में क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर का इस्तेमाल करती है। इसमें नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड (एनजेडीजी) शामिल है। राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (एनजेडीजी) एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जो भारत में जिला और अधीनस्थ न्यायालयों और उच्च न्यायालयों के आदेशों, निर्णयों और मामले की डिटेल्स का डेटाबेस प्रदान करता है। एनजेडीजी ई-कोर्ट परियोजना के तहत बनाया गया है और देश के सभी कंप्यूटराइज्ड न्यायालयों की न्यायिक कार्यवाही से जुड़ा डेटा प्रदान करता है। इसके अलावा, ई-कोर्ट सर्विस केस से जुड़ी जानकारियों और दूसरे संसाधनों तक ऑनलाइन पहुंच को सुनिश्चित करती है। केस रिकॉर्ड और कोर्ट के आदेशों को डिजिटल बनाने में भी रजिस्ट्री सक्रिय रूप से शामिल है, जिससे उन्हें विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से सुलभ बनाया जा सके।

## तीन और आतंकियों के घर ध्वस्त किए गए

**एजेंसी**


**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर में तीन और आतंकवादियों के घरों को विस्फोटकों का उपयोग करके ध्वस्त कर दिया गया है। अधिकारियों ने आज यहां बताया कि कल रात पुलवामा जिले के मुरान में एहसान उल हक, चोटीपोरा शोपियां के शाहिद अहमद कुटाय और मतलहामा कुलगाम के जाकिर अहमद नामक आतंकियों के घरों को विस्फोटकों से उड़ा दिया गया। इन आतंकियों के तार पहलगाम आतंकी हमलों से जुड़े हुए थे। उन्होंने कहा, इससे पहले 24 और 25 अप्रैल की दरम्यानी रात पहलगाम आतंकी हमले में शामिल होने के संदेह में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों के घरों को दक्षिण कश्मीर में विस्फोटकों का उपयोग करके ध्वस्त' कर दिया गया था।

## प्रधानमंत्री मोदी ने 51 हजार से अधिक युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

### बोले- आपके हाथों में देश का भविष्य

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'रोजगार मेला' के तहत 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति-पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए युवा शक्ति की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत का युवा आज अपने परिश्रम और इनोवेशन से दुनिया को ये दिखा रहा है कि हममें कितना सामर्थ्य है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 51 हजार से अधिक युवाओं को पक्की सरकारी



नौकरी के पत्र दिए गए हैं। आज भारत सरकार के अलग-अलग विभागों में युवाओं के नए दायित्वों की शुरुआत हुई है। आपका दायित्व देश के आर्थिक तंत्र को मजबूत करना है, आपका दायित्व देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करना है, आपका दायित्व देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण का है, आपका दायित्व श्रमिकों के जीवन में मूलभूत बदलाव लाने का है। उन्होंने कहा कि जब युवा राष्ट्र के निर्माण में भागीदार होते हैं, तो राष्ट्र तेज विकास भी करता है और विश्व में अपनी पहचान भी बनाता है। भारत का युवा आज अपने परिश्रम और इनोवेशन से दुनिया को यह दिखा रहा है कि हममें कितना सामर्थ्य है। हमारी सरकार हर कदम पर यह सुनिश्चित कर रही है कि देश के युवाओं के लिए रोजगार-स्वरोजगार के अवसर बढ़ें। आज का यह समय भारत के युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसरों का समय है। आईएमएफ ने हाल ही में कहा है कि भारत, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। पीएम मोदी ने कहा कि इस बजट में सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग मिशन की घोषणा की है। इसका उद्देश्य है- 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देना और भारत के युवाओं को ग्लोबल स्टैंडर्ड वाले प्रोडक्ट बनाने का मौका देना। इससे न केवल देश की लाखों एमएसएमई को, हमारे लघु उद्यमियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पूरे देश में रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि देश में युवाओं के लिए नए-नए अवसर बन रहे हैं। कुछ ही दिन बाद विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 का आयोजन होने जा रहा है

## पाक सैन्य चौकियों से की गई फायरिंग, सेना ने दिया सख्त जवाब

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** पहलगाम में हुई आतंकवादी वारदात के बाद पाकिस्तान नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी कर रहा है। बीते दो दिनों से पाकिस्तान की ओर से गोलीबारी की घटनाएं सामने आई हैं। पाकिस्तानी सैन्य चौकियों से की गई इस फायरिंग का भारत की सेना ने सख्त जवाब दिया है। सेना ने इस मामले में बताया कि 25-26 अप्रैल की रात को कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पार पाकिस्तानी सेना की विभिन्न चौकियों से फायरिंग की गई। यह फायरिंग बिना किसी उकसावे के छोटे हथियारों से की गई। भारतीय सैनिकों ने छोटे हथियारों से इस गोलीबारी का उचित जवाब दिया। सेना के मुताबिक इस गोलीबारी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इससे पहले भी नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी हुई थी। भी यह फायरिंग पाकिस्तान द्वारा शुरू की गई। भारतीय सेना ने इस गोलीबारी का माकूल जवाब दिया था। गौरतलब है कि भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी



जम्मू-कश्मीर में पहुंचे थे। वह यहां सुरक्षा बलों की कार्रवाई व तैयारी का निरीक्षण करने आए हैं। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर आर्मी चीफ ने यहां वरिष्ठ सैन्य कमांडर्स के साथ मीटिंग की है। सेना प्रमुख ने यहां सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को पर्यटकों पर गोलियां बरसाई थीं।

## अहमदाबाद और सूरत में घुसपैठियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

### ● 500 से अधिक हिरासत में

**एजेंसी**

**अहमदाबाद/सूरत ।** गुजरात पुलिस ने घुसपैठियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए अहमदाबाद और सूरत में 557 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने चंडोला क्षेत्र में 457 घुसपैठियों को पकड़ा, जबकि सूरत पुलिस ने विभिन्न इलाकों में 100 से अधिक बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया। इनके खिलाफ पूछताछ जारी है और जांच पूरी होने के बाद इन्हें डिपोर्ट किया जाएगा। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के संयुक्त पुलिस आयुक्त शरद सिंघल ने बताया कि यह अभियान गृह राज्य मंत्री, डीजीपी और पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर चलाया गया। पहले की जांच में



पकड़े गए 127 बांग्लादेशी नागरिकों में से 70 को डिपोर्ट किया जा चुका है। बताया कि चंडोला क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे घुसपैठियों की सूचना मिलने के बाद क्राइम ब्रांच ने महिला पुलिसकर्मियों की मदद से घेराबंदी कर यह कार्रवाई की। हिरासत में लिए गए लोगों के पास से फर्जी आधार कार्ड और अन्य पहचान पत्र बरामद हुए हैं। सिंघल ने इसे अवैध घुसपैठ के खिलाफ बड़ी सफलता बताया और कहा कि सभी आरोपियों को कानूनी प्रक्रिया के तहत उनके देश वापस भेजा जाएगा। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि ये दस्तावेज कैसे और किनके सहयोग से बनाए गए, साथ ही ये लोग भारत में कब और कैसे दाखिल हुए। वहीं, सूरत पुलिस ने उधना, कतारगाम, महीधरपूरा, पांडेसरा, सलाबतपुर और लिम्बायत जैसे इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाकर 100 से अधिक बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया। पुलिस ने कई टीमों का गठन कर इन क्षेत्रों में छापेमारी की। हिरासत में लिए गए लोग छोटे-मोटे काम कर रहे थे और उनके पास से बरामद दस्तावेजों की जांच की जा रही है। पुलिस को संदेह है कि इनमें से कई ने फर्जी तरीके से आधार कार्ड और अन्य पहचान पत्र बनवाए हैं।

## राजस्थान में 500 पाक नागरिकों की पहचान : भारत सरकार के निर्देश पर जल्द भेजे जाएंगे पाकिस्तान

### ● अटारी बॉर्डर से शुरू हुई वापसी

**एजेंसी**

**जयपुर।** पुलवामा जैसे संवेदनशील हमलों के बाद देश की सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता बढ़ गई है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद केन्द्र सरकार ने सभी राज्यों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि उनके क्षेत्र में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों की तत्काल पहचान कर उन्हें भारत से बाहर भेजा जाए। इसी क्रम में राजस्थान में अब तक 500 पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान की जा चुकी है, जिन्हें 1 मई 2025 से पहले अटारी बॉर्डर के माध्यम से पाकिस्तान भेजने की तैयारी तेज कर दी गई है।

राजस्थान इंटेलिजेंस के डीजी संजय अग्रवाल ने बताया कि केन्द्र सरकार के आदेश के बाद राज्य में सभी जिला एसपी को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। राज्य इंटेलिजेंस



विंग लगातार इन मामलों पर नजर रखे हुए है और जिला स्तर पर कार्यवाही शुरू कर दी गई है। अग्रवाल ने बताया कि कई पाक नागरिक स्वेच्छा से लौट भी चुके हैं, और जो बचे हैं, उन्हें जिला स्तर पर ट्रेस कर भेजने की कार्यवाही अंतिम चरण में है।

**विभिन्न वीजा श्रेणियों में भारत में रह रहे थे पाक नागरिक**

राजस्थान में मौजूद अधिकांश पाक नागरिक पर्यटक वीजा, धार्मिक वीजा, विद्यार्थी वीजा और मेडिकल वीजा पर भारत आए थे। गृह मंत्रालय ने साफ किया है कि वीजा की वैधता और उद्देश्य चाहे जो भी हो, सभी पाक नागरिकों को भारत छोड़ना होगा। इस संबंध में सभी राज्यों को निर्देश जारी हो चुके हैं कि वे वीजा सत्यापन के साथ-साथ पंजीकृत पाक नागरिकों की मौजूदा लोकेशन की पुष्टि करें।

**एफआरआरओ कर रहा निगरानी और संपर्क**

राजस्थान में जिन पाक नागरिकों ने स्त्रक्रह्न में रजिस्ट्रेशन कराया हुआ है, उनसे सीधा संपर्क किया जा रहा है। एफआरआरओ ने उन्हें भारत छोड़ने की समयसीमा के बारे में सूचित किया है। इसके अलावा, जिन लोगों ने पंजीकरण नहीं कराया है या गुप्त रूप से रह रहे हैं, उनकी पहचान और तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

## 26/11 हमले के आरोपी तहव्वुर राणा ने झाड़ा पल्ला, दोस्त डेविड हेडली पर फोड़ा ठीकरा

### क्राइम ब्रांच अब राणा के दावों की पुष्टि करने की तैयारी में जुट गई है।

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड के रूप में जाना जाने वाले तहव्वुर हुसैन राणा ने मुंबई क्राइम ब्रांच की पूछताछ में चौंकाने वाला दावा किया। राणा ने 26/11 आतंकी हमले से अपना पल्ला पूरी तरह से झाड़ लिया है। अधिकारियों ने बताया कि खुद को इस हमले से पूरी तरह बेगुनाह बताते हुए राणा ने कहा कि उसे 26/11 हमले से कोई लेना-देना नहीं है। इस हमले के लिए उसने अपने बचपन के दोस्त डेविड कोलमैन हेडली को जिम्मेदार ठहराया है। राणा ने पूछताछ के दौरान यह भी कहा कि मुंबई हमले की साजिश में उसकी कोई भूमिका



नहीं थी। इसमें डेविड हेडली का हाथ था। पूछताछ में राणा ने यह भी बताया कि वह दिल्ली और मुंबई के अलावा केरल भी गया था। जब अधिकारियों ने उससे केरल जाने की वजह पूछी, तो उसने बताया कि वह वहां अपने जानने वालों से मिलने गया था। राणा ने केरल में अपने परिचित व्यक्ति का नाम और पता भी एजेंसी को सौंपा है। इस जानकारी के बाद क्राइम ब्रांच अब राणा के दावों की पुष्टि करने की तैयारी में जुट गई है। संभावना जताई जा रही है कि जांच एजेंसी की एक टीम जल्द ही केरल रवाना हो सकती है, ताकि सच्चाई का पता लगाया जा सके। बता दें कि 26/11 मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया है। राणा को लॉस एंजेल्स से एनआईए और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) की टीमों के साथ एक विशेष विमान से भारत लाया गया। अमेरिका में राणा ने अपने प्रत्यर्पण को रोकने के लिए कई कानूनी कोशिश की, जिसमें अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में आपातकालीन याचिका भी शामिल थी। सभी याचिकाएं खारिज होने के बाद प्रत्यर्पण संभव हो सका। भारत के विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने अमेरिकी अधिकारियों के साथ मिलकर इस प्रक्रिया को पूरा किया। एनआईए ने राणा के प्रत्यर्पण के लिए वर्षों तक प्रयास किए।

## प्रदेश में समयबद्ध तरीके से पूरे होंगे प्रोजेक्ट, योगी सरकार ने कसी कमर

**एजेंसी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार अब प्रदेश में सभी प्रस्तावित मार्गों-सेतुओं का शत-प्रतिशत निर्माण समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने का फ्रेमवर्क तैयार कर रही है। यह पहली बार है कि प्रदेश के सभी जिलों में जारी निर्माण व विकास कार्य की परियोजनाओं को पूर्ण करने के लिए वित्तीय वर्ष की शुरुआत में ही एक विस्तृत खाका तैयार किया जा रहा है। इसे पूरा करने की समयावधि, टेंडरिंग, कार्य आवंटन, प्रगति और पूर्ण होने की स्थिति संबंधी सभी आवश्यक पहलुओं का समयबद्ध तरीके से चिन्हांकन, मूल्यांकन और निस्तारीकरण सुनिश्चित होगा। लोकनिर्माण विभाग ने इस विषय में एक खाका तैयार किया है। इसमें प्रदेश के सभी जिलों व विधान सभाओं में जारी निर्माणाधीन व



विकासशील प्रोजेक्ट्स के क्रमवार विवरण व कार्य पूर्ति की समयावधि का अंतिम प्रारूप 30 अप्रैल से पहले शासन को भेजा जाएगा। वहीं, विभाग की योजना है कि अगले वर्ष 20 अप्रैल तक इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा।

## जींद में मुख्यमंत्री ने 'साइक्लोथॉन 2.0 ड्रग फ्री हरियाणा यात्रा' को दिखाई हरी झंडी

**एजेंसी**

**जींद।** हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के लिए जींद में 'साइक्लोथॉन 2.0 ड्रग फ्री हरियाणा यात्रा' का शानदार आगाज हुआ। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर हजारों युवा और आम लोग शामिल हुए। यह यात्रा पूरे राज्य में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और हरियाणा को ड्रग फ्री बनाने के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निकाली गई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने साइक्लोथॉन के उद्घाटन समारोह में कहा कि नशा समाज के लिए अभिशाप है और इसे जड़ से खत्म करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके खिलाफ जागरूक करें। साइक्लोथॉन जैसे आयोजन नशे के खिलाफ एकजुटता का प्रतीक हैं और इससे समाज में



सकारात्मक बदलाव आएगा। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, स्थानीय विधायक और कई अन्य नेता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में ड्रग फ्री हरियाणा के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि युवा शक्ति इस अभियान की रीढ़ है और उनकी भागीदारी से हरियाणा नशा मुक्त बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। साइक्लोथॉन 2.0 में शामिल युवाओं ने नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया। यात्रा में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों ने नशा मुक्ति के नारे लगाए और पूरे उत्साह के साथ जींद की सड़कों पर साइकिल दौड़ाई। इस यात्रा का मकसद न केवल नशे के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करना है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को भी बढ़ावा देना है। आयोजकों ने बताया कि यह साइक्लोथॉन पूरे हरियाणा में विभिन्न शहरों और कस्बों से होकर गुजरेगी, ताकि नशा मुक्ति का संदेश हर कोने तक पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सरकार की ओर से नशा मुक्ति के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन नशा तस्करी पर सख्ती से नकेल कस रहे हैं, जबकि जागरूकता अभियान समाज को नशे से मुक्त करने में मदद कर रहे हैं।

# लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर भारतीय प्रवासियों का विरोध प्रदर्शन, पहलगाम आतंकी हमले पर जताया आक्रोश

**नई दिल्ली ,।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए भीषण आतंकी हमले के विरोध में यूनाइटेड किंगडम में रह रहे भारतीय समुदाय के सैकड़ों लोगों ने लंदन स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर शुक्रवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या ने प्रवासी भारतीयों के दिलों को झकझोर दिया और पूरे समुदाय में गहरा आक्रोश फैला दिया। प्रदर्शन का नेतृत्व यूथ ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूके के अध्यक्ष एवं किंग्स कॉलेज लंदन के छात्र तेजस्व भारद्वाज ने किया। प्रदर्शन में लगभग 500 लोगों ने भाग लिया, जिन्होंने हाथों में तिरंगा थामे भारत माता की जय और पाकिस्तान मुदार्बाद जैसे नारों के साथ पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को समर्थन दिए जाने के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान पर आतंकवादी संगठनों को पनाह देने और आतंकवाद को राज्य प्रायोजित संरक्षण देने का गंभीर आरोप लगाते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तान उच्चायोग की ओर से अपमानजनक और भड़काऊ व्यवहार की घटनाएं भी सामने आईं। तेजस्व भारद्वाज ने कहा कि हम पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे थे, लेकिन उच्चायोग के भीतर से कुछ अधिकारियों ने नाचते हुए कैप्टन अभिनंदन के पोस्टर और चाय के कप लहराए। एक अधिकारी ने तो गला रेतने जैसा इशारा तक किया। यह शर्मनाक, उकसाने वाला और पूर्णतः अस्वीकार्य है। हम भारत सरकार, ब्रिटिश प्रशासन और मेट्रोपॉलिटन पुलिस से इस पर कठोर कार्रवाई की मांग करते हैं। प्रदर्शन के अंत में हमले में जान गंवाने वाले निर्दोषों को श्रद्धांजलि स्वरूप मोमबत्तियां जलाई गईं और एक मिनट का मौन रखा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्रदर्शन के दौरान उच्चायोग परिसर के भीतर जोर-जोर से संगीत बजाया गया और उकसाने वाले इशारे किए गए, जिसे भारतीय समुदाय ने अत्यंत असंवेदनशील और अमानवीय बताया। प्रदर्शनकारियों ने भारत सरकार के आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष को समर्थन दोहराते हुए कहा कि वे भले ही विदेश में हों, लेकिन भारत के साथ उनका जुड़ाव और निष्ठा अटूट है। अन्य प्रदर्शनकारियों ने कहा, यह केवल एक हमला नहीं था, यह पूरे परिवारों का उजड़ जाना है। हम दुख प्रकट करने आए थे, लेकिन जवाब में हमें उपहास का सामना करना पड़ा। इससे स्पष्ट होता है कि आतंकवाद किस सोच से पोषित होता है। हम कहीं भी रहें, भारत हमारे दिल में है। आतंक का हर शिकार हमारे अपने हैं।




## संक्षिप्त समाचार

### सरकारी योजनाओं का लाभ से वंचित ग्रामीण, क्षतिग्रस्त मकान में रहने को मजबूर : डॉ. परमेश्वर भगत

**दिव्य दिनकर संवाददाता**



चान्हो- प्रखंड क्षेत्र के कई ग्रामीण आज भी सरकारी योजनाओं विशेष कर अबुवा आवास के लाभ से वंचित हैं। जर्जर और क्षतिग्रस्त मकानों में रहने को मजबूर इन परिवारों की हालत दयनीय है। बेबस ग्रामीण योजनाओं का आस में पिछले सालो से अंचल, प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा कर परेशान हो रहे है, दुख की बात ये है कि ऐसे बेबस ग्रामीणों की आवाज न तो स्थानीय प्रतिनिधि सुन पा रहे है न ही स्थानीय विधायक, मंत्री। डॉ. परमेश्वर भगत ने अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, स्थानीय प्रतिनिधि, मुखिया, विधायक एवं स्थानीय मंत्री से अनुरोध किया कि ग्रामीणों की दयनीय स्थिति को देखते हुए उन्हें राहत एवं लाभ दिलाने की कार्रवाई की जाए।

### साहिबगंज में मासिक लॉक अदालत का आयोजन



**साहिबगंज:** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज श्री अखिल कुमार के मार्गदर्शन में साहेबगंज व्यवहार न्यायालय व राजमहल अनुमंडल न्यायालय में मासिक लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया सभी 6 बेंचों में कुल 56 मामलों का समाधान कर 21,900 समझौता राशि वसूल की गई

### जिला न्यायालय के मुख्य द्वार पर प्याऊ का शुभारंभ

**साहिबगंज:** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहेबगंज श्री अखिल कुमार ने जिला न्यायालय के मुख्य द्वार पर प्याऊ का शुभारंभ किया।इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अखिल कुमार कहा कि ₹ प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य है। यह केवल सेवा नहीं, एक संवेदना है, जो मानवता को जीवित रखती है।उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने घरों की छतों पर या बाहर जल पात्र रखें, ताकि पशु-पक्षी भी इस तपती गर्मी में राहत पा सकें। उन्होंने भीषण गर्मी से बचाव के लिए कहा कि बिना आवश्यक कारण धूप में निकलने से बचें. शरीर को ढककर रखें झ हल्के और ढीले कपड़े पहनें, सिर पर टोपी, गमछा या छाता अवश्य रखें। समय-समय पर पानी पीते रहें शरीर में लू लगने के लक्षण दिखें तो तुरंत चिकित्सकीय सहायता लें।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अखिल कुमार ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री विश्वनाथ भगत को निर्देश दिया कि शहर के प्रमुख स्थलों पर भी प्याऊ की व्यवस्था की जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें।इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायलय श्री संजय कुमार उपाध्याय, जिला न्यायाधीश सह अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम धीरज कुमार, जिला न्यायाधीश सह अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय रजनीकान्त पाठक, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सिंधु नाथ लामाये, सिविल जज सीनियर डिविजन अलोक मरांडी, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेम नाथ तिवारी, अधिवक्तागण, पारा लीगल वॉलेंटियर्स सह न्याय मित्र भी उपस्थित थे

### 51 हज यात्रियों को दिया गया टीका, विधायक ने किया हज यात्रियों का स्वागत



**साहिबगंज:** वर्ष 2025 के हज यात्रा को लेकर रांची हज कमेटी के निर्देश पर राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में राजमहल एवं उधवा के 51 हज यात्रियों का टीकाकरण किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय विधायक आदरणीय मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा शामिल हुए. उन्होंने हज यात्रा में जाने वाले सभी हज यात्रियों से मुलाकात किया. उन्होंने सभी से आग्रह किया कि क्षेत्र के अमन, चैन, शांति व विकास के लिए हज के दौरान दुआ करेंगे. विधायक जी ने कहा कि हज यात्रियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो स्वास्थ्य विभाग इसका ध्यान रखेंगे. अगर कोई आवश्यकता होती है तो उन्हें सूचित करें त्वरित पहल होगी. उन्होंने माल बनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सभी हज यात्रियों का स्वागत किया. अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ उदय टुडू ने बताया कि राजमहल एवं उधवा से 51 हज यात्री पंजीकृत है जिनका टीकाकरण किया जा रहा है इनमें 31 पुरुष एवं 20 महिलाएं शामिल है. मौके पर विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू, हज कमेटी के मो हाजी मखदूम, बीपीएम अमित कुमार सहित अन्य मौजूद थे.

### ऑक्सब्रिज स्कूल में छात्र परिषद शपथ ग्रहण समारोह




**दिव्य दिनकर संवाददाता**

मांडर - ऑक्सब्रिज स्कूल में आज नए सत्र 2025-26 के लिए चुने गए छात्र परिषद के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह बड़े ही धूमधाम और गर्व के साथ संपन्न हुआ। समारोह की शुरूआत नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों की परेड से हुई जिसके बाद विद्यालय की प्राचार्या इवोन ई एक्का द्वारा उन्हें बैज और सैश पहनाकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सभी छात्र प्रतिनिधियों ने ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और विद्यालय के मूल्यों का पालन करने की शपथ ली तथा जिम्मेदारी को एक अवसर के रूप में स्वीकार करते हुए विद्यालय की गरिमा बनाए रखने और सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया।

इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिसर में छात्रों तथा शिक्षकों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी खास बना दिया। ऑक्सब्रिज स्कूल, मांडर हमेशा से ही अपने छात्रों में नेतृत्व कौशल, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

# सड़क हादसे में बिखर गया पूरा परिवार, तीन की मौत,सात गंभीर

**तीन दिन पहले हुई थी शादी, ससुराल आए दामाद के सामने चली गई नई नवेली दुल्हन की तड़प-तड़पकर जान**

**दिव्य दिनकर:संवाददाता**



चतरा। पेड़ से टकराई श्रद्धांलुओं से भरी स्कार्पियो गाड़ी। हादसे में तीन महिला श्रद्धांलुओं की हुई दर्दनाक मौत, दो बच्चों समेत सात गंभीर रूप से हुए घायल। इटखोरी-चतरा मुख्यमार्ग पर स्थित सदर थाना क्षेत्र के गंधरिया गांव की घटना। ग्रामीणों ने पुलिस के सहयोग से उपचार के लिए सभी घायलों को सदर अस्पताल में कराया भर्ती, सभी की स्थिति गंभीर। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को किया गया रिम्स रेफर। भद्रकाली मंदिर से पूजा कर लौट रहे थे सभी श्रद्धालू। लावालौंग थाना क्षेत्र के रखेद गांव के एक ही परिवार के हैं मृतक और घायल। चालक को नींद आने से हुआ हादसा, घायलों में उड़ीसा पुलिस का होमगार्ड जवान भी है शामिल। खुद चला रहा था गाड़ी, दुर्घटना में पत्नी की चली गई जान। चार दिन पहले हुई थी शादी, शादी के बाद पत्नी के साथ आया था ससुराल। ससुराल वालों के साथ ही गया था भद्रकाली मंदिर। उड़ीसा के राउरकेला ईलाके का रहने वाला है होमगार्ड जवान।

# चान्हो, वक्फ संशोधन बिल 2025 के विरोध बलसोकरा में वक्फ बचाओ संविधान बचाओ कांफ्रेंस, बिल वापस नहीं लेने तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प

**दिव्य दिनकर संवाददाता**

चान्हो - वक्फ संशोधन बिल 2025 के विरोध में शनिवार को बलसोकरा में वक्फ बचाओ संविधान बचाओ कांफ्रेंस का आयोजन किया गया. मुत्तहिदा उलमा मिल्ली काउंसिल की ओर से आयोजित इस कांफ्रेंस में बिहार, झारखंड उड़ीसा व बंगाल के अमीर ए शरीयत मौलाना सैयद अहमद वली फैसल रहमानी, एदारे शरिया झारखंड के नाजिम कुतुबुद्दीन रिजवी, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, एआइएमआइएम के मो शाकिर, खालिद खलील सहित बड़ी संख्या में उलेमा, मुस्लिम संगठन के प्रतिनिधियों व अन्य लोगों ने हिस्सा लिया. इस दौरान वक्फ संशोधन बिल 2025 का जोरदार विरोध किया गया और इसे मुसलमानों के संवैधानिक अधिकार को छिनने का प्रयास बताते हुए अविलंब वापस लेने की मांग की गयी.




कार्यक्रम में मौलाना वली फैसल रहमानी ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल 2025 मुसलमानों को संविधान में मिले मौलिक अधिकार का हनन है. इसलिए केंद्र सरकार को अविलंब इस बिल को वापस लेना चाहिये. पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल देश के मुसलमानों को परेशान करने के लिए बनाया गया है. आज देश के जो हालात है उसे मुसलमानों को समझना होगा और इसको लेकर एकजुट रहना होगा. आमया के केंद्रीय अध्यक्ष एस अली ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल संविधान के अनुच्छेद 26 और 14 का खुला उल्लंघन है. कांफ्रेंस में अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त किये और वक्फ संशोधन बिल को वापस नहीं लेने तक इसके विरोध में आंदोलन जारी रखने की बात कही. संचालन मौलाना जियाउर रहमान ने किया. मौके पर मुत्तहिदा उलमा मिल्ली काउंसिल के अध्यक्ष जाहिद इकबाल सचिव रहमतुल्लाह अंसारी सहित अताउल्लाह अंसारी, हकीम अंसारी, नुरुल्लाह हबीब नदवी सचिव अफरोज अंसारी, जुनेद अनवर, तारिक तनवीर अहमद, मौलाना गाजी सलाउद्दीन, मौलाना अब्दुल कय्यूम, मौलाना रफीक, जिपस आदिल अजीम, हाफिज मो कलाम, इरशाद इमाम, हलीम अंसारी, नौशाद अंसारी सहित अन्य मौजूद थे!

# विस्थापित-प्रभावित संवेदकों ने जीएम को सौंपा माँग पत्र

**बाहरी ठेकेदार कंपटीशन करना करें बंद:संवेदक संघ अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद**

**दिव्य दिनकर : जिला ब्यूरो, कुन्दन पासवान**



टंडवाःचतरा आम्रपाली-चंद्रगुप्त परियोजना क्षेत्र के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह से विस्थापित-प्रभावित संवेदकों ने शिष्टाचार भेंट कर विचार विमर्श किया। कोल परियोजना के अंतर्गत सिविल,सीएसआर,ई&एडम डिपार्मेंट के निविदा कार्यों में कुछ संवेदकों द्वारा कंपटीशन कर कार्यों में गुणवत्ता पूर्वक कार्य नहीं करने के विषय पर चर्चा जोरों पर रखा गया। संवेदकों ने लिखित अवेदन पत्र में माँग किया है कि कुछ संवेदक द्वारा कंपटीशन कर कार्यालय लेते और विकास की कार्यों की जैसे तैसे कर बाहरी संवेदक चले जाते हैं। जिस पर रोक लगाने तथा विस्थापित-प्रभावित संवेदकों को प्राथमिकता देने की माँग किया है। संवेदकों के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि बाहरी ठेकेदार कंपटीशन करना बंद करें,अगर इस पर लगाम नहीं लगता है तो बाहरी ठेकेदारों को खदेड़ा जायेगा। और आगे कहा कि विस्थापित- प्रभावित संवेदकों को आम्रपाली परियोजना के महाप्रबंधक प्राथमिकता दें। सचिव शहबान अंसारी ने कहा कि हम सब मिलकर काम करेंगे तो ही समाज के लिए कल्याणकारी कार्य व सभी को रोजगार से सृजन हो सकता है। ज्ञापन महाप्रबंधक के आलावे सिविल विभाग के स्टॉप ऑफिसर प्रधानन,सिविल विभाग के इंजीनियर सुजीत कुमार,सीएसआर विभाग के मौसिम राजा को माँग पत्र सौंपा गया। उस वक्त पोकला उर्फ कसियाडीह पंचायत के मुखिया पति गोपाल महतो,कोयद पंचायत मुखिया किशुन राम, रामावतार राम,पूनम देवी, शीतली देवी,पूर्व मुखिया दासो देवी,कुंती देवी,चंदा देवी खिरिया देवी,पनवा देवी, वैजयंती देवी,सरिता देवी,जगमनी देवी,लीलवा देवी,अजय मौर्या,राकेश कुमार,एनुअल अंसारी,काशीनाथ साव व अन्य दर्जनों संवेदक उपस्थित थे।

# सुस्त जेपीएससी की कार्यशैली से अभ्यर्थी परेशान, करेंगे ट्विटर महाअभियान

**आयोग के सदस्य अपनी व्यक्तिगत इच्छाओं की पूर्ति के लिए काम कर रहे हैं : सत्यनारायण शुक्ला**




**संवाददाता : गिरिडीह**

झारखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा ली गई 11वीं से 13वीं सिविल सेवा मुख्य परीक्षा को समाप्त हुए दस माह से अधिक हो चुके हैं, इस निमित्त अभ्यथीर्यों द्वारा परीक्षाफल प्रकाशन को लेकर आयोग और सरकार के समक्ष निरंतर आंदोलनों व याचिकाओं के बाद भी जेपीएससी अपनी निष्क्रिय अवस्था से बाहर आने को तैयार नहीं है । लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य जिस जेपीएससी के जिम्मे है उसकी लचर कार्यशैली से राज्य के युवा हताश, निराश, परेशान व अभिशप्त हैं । अभ्यर्थियों का कहना है कि राज्यपाल, मुख्यमंत्री समेत तमाम आला अधिकारियों से विनती तथा लगातार आंदोलनों के बावजूद जेपीएससी की कार्यशैली गैर-जिम्मेदाराणा व असंवेदनशील बनी हुई है । 11वीं JPSC मुख्य परीक्षा का परिणाम, CDPO एवं FSO भर्ती प्रक्रिया में तेजी, 14वीं JPSC की अधिसूचना, वार्षिक परीक्षा कैलेंडर इत्यादि मांगों को लेकर अभ्यर्थी पुनः आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं ।इसी कड़ी में झारखंड स्टेट स्टूडेंट एसोसिएशन की ओर से 28 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार को एक ट्विटर महा अभियान आयोजित किया जा रहा है । अभ्यर्थियों की सर्वसम्मति के पश्चात एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यनारायण शुक्ला, महासचिव प्रकाश कुमार, संरक्षक राहुल कुमार एवं समस्त सदस्यों ने मिलकर यह भी निर्णय लिया है की ऑनलाईन ट्विटर अभियान के पश्चात अगर हमारी मांगों को आयोग पूरी नहीं करती है तो आयोग के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की और हमलोग रुख करेंगे बातचीत के दौरान छात्र नेता सत्यनारायण शुक्ला व अभ्यर्थियों ने बताया की आयोग के तीन सदस्य अपनी व्यक्तिगत इच्छाओं के अनुसार कार्य कर रहे हैं, जो झारखंड राज्य और अभ्यर्थियों के हित में नहीं है ।इस गंभीर परिस्थिति के मद्देनजर 28 अप्रैल दिन सोमवार को ट्विटर महाअभियान का आयोजन किया गया है, ताकि युवाओं की आवाज राज्यपाल, मुख्यमंत्री तथा आयोग के अध्यक्ष तक पहुंच सके।

# डॉ. साकेत कुमार पाठक बने विवेकानंद युवा महामंडल के अध्यक्ष, युवाओं में उत्साह की लहर

**हमारा लक्ष्य है कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को जन-जन तक पहुँचाना- डॉ साकेत कुमार पाठक**

**हजारीबाग-**




विवेकानंद के विचारों को आत्मसात कर समाज सेवा और युवाओं के सशक्तिकरण की दिशा में वर्षों से कार्य कर रहे डॉ. साकेत कुमार पाठक को हजारीबाग विवेकानंद युवा महामंडल का अध्यक्ष चुना गया है। यह निर्णय महामंडल की वार्षिक आम सभा में सर्वसम्मति से लिया गया, जो शुक्रवार को विवेकानंद आई.टी.आई., जबरा रोड, कोर्रा, हजारीबाग में संपन्न हुई। वहीं डॉ. साकेत पाठक का चयन संगठन के लिए एक सकारात्मक और दूरदर्शी दिशा का संकेत माना जा रहा है। वे लंबे समय से सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं और युवाओं के बीच प्रेरणा के स्रोत के रूप में प्रसिद्ध हैं। इस अवसर पर महामंडल के संरक्षक पद का दायित्व डॉ. सजल मुखर्जी ने ग्रहण किया। वहीं अंकित कुमार को सचिव तथा सुरेन्द्र कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया।नई कार्यकारिणी समिति में डॉ. जयप्रकाश आनंद, डॉ. बिमल कुमार मिश्र, डॉ. राजकुमार चौबे, संजय तिवारी, अनूप सिन्हा, प्रकाश श्रीवास्तव, मानिक चक्रवर्ती, पुरुषोत्तम कुमार, संजीव कुमार और सचिन कुमार को भी शामिल किया गया है। सभा में महामंडल के पूर्व सचिव और कोषाध्यक्ष ने बीते वर्ष के कार्यों और आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। आगामी वर्ष के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें हजारीबाग के किसी विद्यालय में नए पाठचक्र की शुरूआत, विवेक वाहिनी इकाई की स्थापना तथा राष्ट्रीय युवा दिवस पर दो दिवसीय अंतर जिला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रमुख है। डॉ. साकेत कुमार पाठक ने अध्यक्ष पद ग्रहण करते हुए कहा, हमारा लक्ष्य है कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को जन-जन तक पहुँचाएं और युवाओं को नैतिक, शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाएं। संगठन के माध्यम से हम शिक्षा, नेतृत्व और सेवा की नई परंपराएँ स्थापित करेंगे।

# विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले मांडर में हिंदू संगठनों का विरोध प्रदर्शन

**आतंकवाद मुदार्बाद,देश मांगे बदला हिंदू हत्या नहीं सहेंगे के लगे नारे**

**दिव्य दिनकर संवाददाता**



मांडर - बीते 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर का पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में आज विश्व हिंदू परिषद मंडल प्रखंड के अध्यक्ष बजरंग सिंह के नेतृत्व में मांडर प्रखंड के समस्त संघ परिवार के संगठन शामिल हुए एवं मांडर शिव मंदिर से पाकिस्तान का पुतला लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए टैंगरबसली मोड ब्लॉक मोड थाना चौक होते हुए वापस मांडर मन्दिर पहुंचा जहां मौन धारण करके मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। लोगों ने पाकिस्तान मुदार्बाद देश के गद्दारों को फांसी दो भारत में हिंदू हत्या बंद करो हिंदुओं नरसंघार नहीं सहेंगे पाकिस्तान को साफ करो आदि नारे लगाए गए मौके पर विद्यार्थी परिषद बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी महावीर मंडल सहित अन्य हिंदू संगठन के समस्त ऊजार्वान कार्यकर्ता सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मिलित थे।

# झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ इकाई का होगा सम्मेलन

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

देवघर. झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी संघ के विगत 20.अप्रैल.25 को मत्स्य प्रक्षेत्र डोरण्डा में आयोजित बैठक में पारित प्रस्ताव में लिए गए निर्णय के आलोक में आगामी 27.अप्रैल.25.को झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के देवघर शाखा के सम्मेलन के आयोजन का निर्णय लिया गया .जिसके आलोक में सुभाष चौक देवघर के पास शांति निकेतन में सुबह 11 बजे से तीन बजे तक सम्मेलन होगा. सम्मेलन में संघ के जिला शाखा,विशेष शाखा सहित झारखंड एन एच एम अनुबंध एएनएम, जी एन एम संघ के नई समिति का गठन किया जाएगा. सम्मेलन में झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के राज्याध्यक्ष गोपाल जी शरण, महासचिव भूषण कुमार झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के राज्याध्यक्ष अरविन्द प्रसाद, महासचिव जीत वाहन उरांव दुमका एवं जामताड़ा के संघ के पदाधिकारी सहित देवघर जिले के सभी पदाधिकारी सहित जिले के विभाग के करीब पांच सौ कर्मचारी मौजूद रहेंगे.

## संक्षिप्त समाचार

### हरि कनक ग्रेटर ने बांटी गमछा, माजा एवं फ्रूटी

**दिव्य दिनकर संवाददाता**



रांची - कड़ाके की गर्मी को देखते हुए अपने सामाजिक दायित्व के तहत लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर की ओर से सैकड़ों लोगों के बीच गमछा, माजा एवं फ्रूटी वितरण की गई। हरिकनक ग्रेटर के पी.आर.ओ. लायन शिव किशोर शर्मा के अध्यक्षता मे इस कार्यक्रम की शुरूआत न्यू मधुकम से की गई। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में क्राउंड लायंस के अध्यक्ष शुभम चौधरी,विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश,छात्र क्लब मानव कल्याण मंच के वरीय संरक्षक लायन विजय कुमार पाठक,मनमोहन पांडे,लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर के अध्यक्ष लायन एम.जे.एफ. राजेश केडिया,लायन एम.जे.एफ.(रीजन चेयरपर्सन 2 ए डिस्ट्रिक्ट 322 ए)लायन प्रेम शंकर मिश्रा,अधिवक्ता (सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया)लायन प्रिया रानी,लायन अमित मिश्रा,लायन दीपक कुमार साहू,लायन डॉक्टर दीपक कुमार,लॉयन अंकित सर्राफ,लायन सकित अग्रवाल,लायन रवि मेहता, आशुतोष द्विवेदी,ऋषिकेश लाल, पी.एन.मिश्रा,महेश प्रसाद चौधरी,नमिता देवी,मनप्रीत सिंह,रौशन कुमार चौधरी,यश कुमार आदि मौजूद थे।मौके पर अपने संबोधन में शुभम चौधरी एवं संतोष कुमार ने कहा लायंस क्लब हरिकनक ग्रेटर सामाजिक क्षेत्र मे पुण्य कार्य कर रही है इसके लिए मै क्लब के सभी लोगों को बधाई देता हूँ वहीं इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम मे हमलोग भी समय समय पर ऐसी संस्थाओं को हर संभव सहयोग करेंगे।कार्यक्रम के दूसरे चरण में लायन अंकित सर्राफ, एवं डॉ.दीपक कुमार की ओर से 200 महिलाओं के बीच में सैनिटरी पैड वितरण कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

### मालदा मंडल द्वारा साहिबगंज में श्रमदान अभियान का सफल आयोजन



**साहिबगंज:** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा आज साहिबगंज दक्षिण रेलवे कॉलोनी में श्रमदान अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य स्वच्छता को बढ़ावा देना, पर्यावरणीय स्थिरता को सुनिश्चित करना और स्वच्छ एवं हरित रेलवे वातावरण बनाए रखने में सामूहिक जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करना था।इस कार्यक्रम का नेतृत्व सहायक अभियंता (AEN/SBG) द्वारा किया गया। मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक (CHI/SBG), भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के सदस्य एवं रेलवे कर्मचारियों ने इस नेक कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई।श्रमदान अभियान के अंतर्गत रेलवे परिवार एवं कॉलोनीवासियों के बीच स्वच्छता और पर्यावरणीय जागरूकता फैलाने पर विशेष बल दिया गया। प्रतिभागियों ने सफाई कार्यों, कचरा निस्तारण एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने हेतु समुदाय को जागरूक करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।इस प्रकार के आयोजन मालदा मंडल की स्वच्छ भारत मिशन के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं तथा एक स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवन परिवेश के निर्माण में सहायक सिद्ध होते हैं।मालदा मंडल भविष्य में भी इसी प्रकार के और कार्यक्रम आयोजित करेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में सक्रिय योगदान दे सकें।

### मोटोरेबल रॉयल एनफील्ड शोरूम का करनीबाद में हुआ उद्घाटन



**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

देवघर.मोटो रेबल रॉयल एनफील्ड शोरूम करनीबाद सरवा रोड नियर न्यू कुंडा थाना में हंटर 350 की नई मॉडल लॉन्च की गई है यह लॉन्चिंग रॉयल फील्ड शोरूम के प्रोपराइटर संजीत कुमार व रंजीत कुमार के द्वारा किया गया, यह बाइक तीन कलर में लॉन्च किया गया है और कुछ खासियत है इस बाइक में एक्स्ट्रा कंफर्ट एड किया गया है एवं ग्राउंड क्लीयरेंस 150 से बढ़कर 160एम एम कर दी गई है अब एह वाईक यू एस बी टाइप सी फास्ट चार्जर के साथ उपलब्ध है तथा इसके एवं अपर वर्जन में एलईडी हेड लैंप है यह बाइक टिरिपर पोड नेविगेसन से लैस है और इस बाइक में स्लीप एंड एसिस्ट क्लच दिया गया है जो कि राइडिंग एक्सपीरियंस को ओर बेहतर स्मूथ बनाता है यह सारे मोडल बुकिंग के लिए उपलब्ध है मोके पर सेल्स मैनेजर इरफान अंसारी, आदि मौजूद थे भव्य समारोह आयोजन किया गया

### विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर मलेरिया जागरूकता कार्यक्रम



**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

सारठ/ स्वास्थ्य विभाग की तरफ से विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेलवरना में मलेरिया जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारठ से पहुंचे स्वस्थ कर्मियों द्वारा स्कूल के बच्चों को मलेरिया बिमारी की गंभीरता समेत मलेरिया फैलने के कारणों एवं बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं सभी बच्चों को मलेरिया से बचाव के उपाय एवं मलेरिया मुक्त भारत के संकल्प को पूरा करने को लेकर शपथ ग्रहण कराया गया। मौके पर स्वास्थ्य कर्मी अवधेश कुमार, अनिकेत तिवारी, प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार राय, सहायक अध्यापक विश्वनाथ पंडित, ललन प्रसाद साह, अनिता सहाय, राजेश्वर सिंह, अनुराग सिन्हा समेत अन्य मौजूद थे।

# हरियाणा में अगली सरकार में मंत्री बनेंगे सोनू कुंडली : रामदास अठावले

**कुरुक्षेत्र,** । कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री डॉ. रामदास अठावले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस समारोह की अध्यक्षता आरपीआई (ए) हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रवि सोनू कुंडली ने की।डॉ. अठावले ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) का जनाधार लगातार बढ़ रहा है।₹हम हरियाणा में हर दिन अपनी मजबूत वोट बैंक तैयार कर रहे हैं, ठीक उसी तरह जैसे पहले किया था,₹ डॉ. अठावले ने कहा।उन्होंने बताया कि इस समारोह में लगभग 3,000 से 4,000 लोगों की सक्रिय भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि आरपीआई (ए) की पकड़ अब जमीनी स्तर पर और मजबूत होती जा रही है।डॉ. अठावले ने पूरे आत्मविश्वास से घोषणा की कि जिस प्रकार वे स्वयं केंद्र सरकार में मंत्री



बने हैं, उसी प्रकार हरियाणा में आरपीआई (ए) के नेता भी अपना सशक्त वोट बैंक तैयार कर रहे हैं।उन्होंने कहा, ₹अगली सरकार में निश्चित तौर पर एडवोकेट रवि सोनू कुंडली जैसे नेता कैबिनेट मंत्री बनेंगे और गरीब, वंचित समाज के कल्याण के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे।उन्होंने आगे कहा कि आरपीआई (ए) बाबासाहेब अंबेडकर के बताए रास्ते पर चलते हुए गरीबों, दलितों और वंचित तबकों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। पार्टी का उद्देश्य सामाजिक न्याय को जमीनी हकीकत बनाना है, न कि केवल नारों तक सीमित रहना।समारोह में हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले की भी कड़ी निंदा की गई। डॉ. अठावले ने कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ सरकार अब और भी सख्त रवैया अपनाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि जैसे जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर विकास का रास्ता खोला गया, उसी तरह आतंकवाद पर भी निर्णायक प्रहार किया जाएगा।

## बाघवार एकेडमी चान्हो में सीखने की कला और जीवन कौशल विषय पर सफल कार्यशाला संपन्न

**दिव्य दिनकर संवाददाता**

चान्हो - शनिवार को बाघवार एकेडमी, चान्हो, रांची में कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए एक प्रभावशाली कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका संचालन शिक्षा-समाधान के प्रसिद्ध मार्गदर्शक उपेंद्र कुमार जो कि चान्हों प्रखंड में कृषि पदाधिकारी के रूप में भी कार्यरत हैं, के द्वारा किया गया। कार्यशाला का विषय था सीखने की कला और एक सफल जीवन के लिए आवश्यक जीवन कौशल जिसका उद्देश्य छात्रों को आत्मविकास और महत्वपूर्ण जीवन कौशल से सशक्त बनाना था। कार्यक्रम की शुरूआत अजय उरांव द्वारा स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने आत्म-शिक्षा और व्यक्तिगत विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के दौरान उपेंद्र कुमार ने इंटरैक्टिव गतिविधियों और प्रेरक चचाओं के माध्यम से छात्रों को सीखने की नई



तकनीकों, मानसिक स्वास्थ्य, आत्म-खोज और करियर मार्गदर्शन जैसे विषयों से अवगत कराया। तकनीकी सहयोग में विकास कुमार (कंप्यूटर शिक्षक) ने प्रोजेक्टर सेटअप और प्रस्तुति को सुचारू रूप से संचालित करने में सहायता प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में, बाघवार एकेडमी के निदेशक अशोक बाघवार ने उपेंद्र कुमार को एक स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अपने समापन भाषण में अशोक बाघवार ने कार्यशाला के मुख्य बिंदुओं का सारांश प्रस्तुत करते हुए वक्तव्य का समर्थन किया। उन्होंने हिंदी के महान कवि दिनकर जी की कविता का स्मरण करते हुए कहा, आवश्यकता है हमें अपनी पात्रता बढ़ाने की, ताकि हम इस ज्ञान के अथाह सागर से अपनी पात्रता के अनुसार ग्रहण कर पाएं।

## एएस कॉलेज में परीक्षा प्रश्न पत्र घोटाला, 11 हजार छात्रों की परीक्षा रद्द, अभाविप ने जताई नाराजगी

**देवघर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अभाविप झारखंड प्रांत एसएफडी प्रमुख शुभम राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर एएस कॉलेज, देवघर में परीक्षा कदाचार को लेकर गहरी नाराजगी जताई है। शुभम राय ने आरोप लगाया है कि इतिहास विषय के यूजी सेमेस्टर-2 के स्थान पर सेमेस्टर-3 का प्रश्न पत्र बांट दिया गया, जिससे सेमेस्टर-3 के लगभग 11 हजार परीक्षार्थियों की परीक्षा रद्द करनी पड़ी। उन्होंने इसे विश्वविद्यालय और कॉलेज प्रशासन की गंभीर लापरवाही बताते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय करार दिया। शुभम राय ने सवाल उठाया कि जब विश्वविद्यालय से भेजे गए प्रश्न पत्र के पैकेट को खोलने के लिए केंद्राधीक्षक और परीक्षा नियंत्रक के संयुक्त हस्ताक्षर आवश्यक होते हैं, तो बिना बारीकी से जांच किए कैसे 24 अप्रैल को 26 अप्रैल के प्रश्न पत्र का पैकेट खोल दिया गया। यह विश्वविद्यालय में शिक्षा के व्यापारीकरण और प्रशासनिक चूक का बड़ा उदाहरण है। उन्होंने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय और कॉलेज प्रशासन चाटुकारिता और दलाली के जाल में फंसा हुआ है, जिससे छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। उन्होंने हालिया स्नातकोत्तर सेमेस्टर-3 की परीक्षा में छात्रों की परीक्षा तिथि बदलने के अनुरोध को अस्वीकार करने पर भी कुलपति डॉ.



विमल कुमार सिंह की आलोचना की। शुभम राय ने कहा कि रोजगार परीक्षाओं को नजरअंदाज करना छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। शुभम ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर छात्रों के पैसों के दुरुपयोग और परीक्षा केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं बिजली, पानी, पंखा और साफ-सफाई की घोर कमी का भी आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषी कर्मचारियों पर त्वरित कार्रवाई नहीं हुई और समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो छात्र चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होंगे। जल्द ही ये मामले कुलाधिपति के समक्ष भी उठाए जाएंगे।

## अवैध रूप से काटे जा रहे हरे पेड़ , गांव के ग्रामीणों में काफी रोष

### दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

देवघरः एक तरफ जहां सरकार पेड़ लगाने के लिए लोगों को अपील कर रही है तो दूसरी और हरे भरे पेड़ों की कटाई की जा रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि मोहनपुर में पेड़ों का कोई महत्व नहीं है। जिसका जब मन हुआ तब वह सैकड़ो की संख्या में पेड़ों की कटाई कर डालता है। हरे पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध के बावजूद लकड़ी के खरीदार सरे आम ट्रैक्टर ट्राली में भरकर इन पेड़ों की लड़कियों को आरा मशीनों पर ले जा रहे हैं। हरे पेड़ों की कटाई को रोकने के लिए जिम्मेदार अधिकारी अपनी आंखें




बंद किए बैठे हैं। इससे पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। दरअसल मोहनपुर प्रखंड के पोस्तवारी पंचायत के पंचरुखी मोजा में गोचर भूमि पर दर्जनों से अधिक हरे पेड़ लगे हुए हैं। इन पेड़ों को बेचकर कुछ लोग अपने अटके हुए काम निकल रहा है। हालांकि वन विभाग प्रशासन ने हरे पेड़ की कटाई पर प्रतिबंध लगा । इसके बावजूद पांच से अधिक गोचर भूमि पर लगे हरे विशाल बरगद पेड़ों की कटाई कर डाली है। गांव के ग्रामीणों में काफी रोष देखा जा रहा है। अधिकारियों को शिकायत देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की यह स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में बड़े पेड़ों झांटी का अस्तित्व खतरे में आ सकता है।

## संगीतमय रामकथा का भव्य आयोजन

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**




देवघर । स्थानीय विलियम्स टाउन में राम-कथा आयोजन समिति द्वारा जाने-माने सुप्रसिद्ध चर्चित रामायणाचार्य कपिल भाई द्वारा नौ दिवसीय रोचक व ज्ञानवर्धक संगीतमय राम-कथा के भव्य आयोजन के भव्य शुभारम्भ की अनुपम प्रस्तुति से दर्शक भाव-विभोर हो गए । अंत में सचिव पंकज सिंह भदौरिया द्वारा आरती की गई। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर हिन्दू विकास मंच (समग्र भारत) के जिला अध्यक्ष भी प्रभाष गुप्ता ने इस भक्तिमय रामकथा के आयोजन में अधिक से अधिक लोगों के आने की अपील की है।

## अरविंद अकेला उर्फ कलुआ के कार्यक्रम में उमड़ी भीड़



**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

पालोजोरी/ पालोजोरी थाना क्षेत्र के उपरबांधी गांव में भोजपुरी अभिनेता व गायक अरविंद अकेला उर्फ कलुआ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संवेदक व समाजसेवी दिलीप कुमार राय के पुत्र आशिष आनंद के तिलक समारोह में आयोजित कार्यक्रम में कलुआ को सुनने और देखने वालों की भारी भीड़ उमड़ी। अभिनेता कलुआ के साथ सेल्फी लेने वाले बेताब दिखे। साथ में पहुंची गायिका अंजलि एवं गायक विनय तिवारी ने भी एक से बढ़कर एक भोजपुरी व हिंदी गाना गाया। वहीं पटना से पहुंची नृत्यांगनाओं ने उपस्थित लोगों को नाचने पर विवश कर दिया। मौके पर उत्तम राय, दीपक राय, अरविंद कुमार राय ऊर्फ भोलू राय, विजय राय, श्रीकांत राय समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज रोजगार मेला में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। अपनी एक एक्स पोस्ट में उन्होंने लिखा, ह्ल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ₹रोजगार मेला₹ में 51,000+ चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मैंने भी विज्ञान भवन, दिल्ली में इस आयोजन में भाग लिया और युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा। यह मेला सिर्फ नियुक्ति नहीं, नए भारत की नई उम्मीदों का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार युवाओं को अवसर देने और आत्मनिर्भरता की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।



## पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले मांडर में हिंदू संगठनों का विरोध प्रदर्शन



**दिव्य दिनकर संवाददाता**

मांडर- कश्मीर का पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में शनिवार को विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले हिन्दू संगठनों ने विरोध मार्च निकाला और पाकिस्तान का पुतला दहन किया. मंडल प्रखंड के अध्यक्ष बजरंग सिंह के नेतृत्व में मांडर प्रखंड के समस्त संघ परिवार के संगठन शामिल हुए एवं मांडर शिव मंदिर से पाकिस्तान का पुतला लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए टैंगरबसली मोड ब्लॉक मोड थाना चौक होते हुए वापस मांडर मन्दिर पहुंचा जहां मौन धारण करके मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। लोगों ने पाकिस्तान मुदार्बाद देश के गद्दारों को फांसी दो भारत में हिंदू हत्या बंद करो हिंदुओं नरसंघार नहीं सहेंगे पाकिस्तान को साफ करो आदि नारे लगाए गए मौके पर विद्यार्थी परिषद बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी महावीर मंडल सहित अन्य हिंदू संगठन के समस्त ऊजार्वान कार्यकर्ता सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मिलित थे।

## महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाओं ने किया समस्याओं का बौछार, निदान के लिए दिए गए टिप्स

### बरियारपुर, असरगंज तथा हवेली खड़गपुर प्रखंड के पंचायत में आयोजित हुआ महिला संवाद कार्यक्रम



**दिव्य दिनकर जिला संवाददाता रंजीत कुमार विद्यार्थी**

मुंगेर। महिला संवाद के 09वें दिन जिले में कुल 12 स्थानों पर महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले के असरगंज प्रखंड के सजुआ पंचायत के भारत जीविका महिला ग्राम संगठन मकवा पंचायत के कल्याणी जीविका ग्राम संगठन में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां सामुदायिक समन्वयक कुमारी साक्षी द्वारा इस कार्यक्रम के महत्व के बार में दीदियों को जानकारी दी गई तथा संवाद रथ के माध्यम से बिहार सरकार द्वारा संचालित महिलाओं के योजनाओं को दिखाया गया। इसके बाद कुछ दीदियों ने सरकार द्वारा प्राप्त योजना के बारे में अपनी कहानी बताई। अंत में आकांक्षाओं से संबंधित चर्चा में भाग लेते हुए शांति देवी द्वारा सजुआ पंचायत के वार्ड 01 और 06 में नाली की सफाई एवं पीने के पानी की समस्या को दूर करने की मांग की गई। रूबी देवी वार्ड 06 के द्वारा पंचायत में खेल मैदान की मांग की गई, वार्ड 4 की आराधना कुमारी के द्वारा गांव में +2 स्कूल, एवं अस्पताल खोलने की मांग की गई। रीता देवी के द्वारा वार्ड 04 में नाली बनवाने पर जोर दिया गया, जिसमें सभी महिलाओं ने सहमति व्यक्त की। वार्ड 03 की सभी दीदियों के द्वारा सजुआ मध्य विद्यालय में पंखा की मांग, छात्रवृत्ति दिलाने, खाना के गुणवत्ता में सुधार करने की मांग की गई। वही,बरियारपुर प्रखंड के बरियारपुर दक्षिणी पंचायत के चाहत जीविका महिला ग्राम संगठन के क्षेत्र में संवाद कार्यक्रम में लोगों ने फिल्म के माध्यम से सरकार की चल रही योजना को देखा जिसके बाद ग्राम संगठन की दीदी इसके बारे में अपना अनुभव शेयर की। रेखा देवी ने कन्या उत्थान योजना के बारे में बताया कि उनकी बेटी मैट्रिक परीक्षा और इंटर परीक्षा पास करने के बाद उन्हें कन्या उत्थान योजना के तहत 10,000 और 25,000 रुपए का लाभ मिला। रीना देवी ने बताया कि बिहार सरकार के आरक्षण के तहत ही उनके बेटे आज जमालपुर कारखाना में कार्यरत हैं। हवेली खड़गपुर प्रखंड के गोबड्डा पंचायत अंतर्गत ज्योति जीविका महिला ग्राम संगठन और अग्रहण कस्तूरी जीविका महिला ग्राम संगठन में आज महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित महिलाएं अपना अनुभव भी साझा कर बताई कि किस योजना से किस प्रकार उनके जीवन में परिवर्तन आया है। संगीता कुमारी को नल जल योजना का लाभ मिला। बबीता देवी बताई कि जीविका परियोजना में जुड़ने से कैसे उनके जीवन में परिवर्तन आया है प्रीतम देवी बताई कि सतत जीविकोपार्जन योजना में जुड़ने से उनकी जिंदगी बदल गई है । रानी देवी को उज्ज्वला योजना का लाभ मिला है । सुनीता देवी को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है रीता देवी कन्या उत्थान से क्या लाभ हुआ है उसके बारे में बताई है । मनोरमा देवी को साईकिल योजना का लाभ मिला है । इसके अलावे महिलाओं ने अपनी आकांक्षा एवं मुद्दा भी दर्ज करवाई है जिसमें दीदी अधिकार केंद्र, पक्की नली, सिलाई केंद्र, जीविका भवन निर्माण, जीविका बैंक, वृद्धा और विधवा पेंशन में बढ़ोतरी, गोबड्डा में स्वास्थ्य उपकेंद्र, बढ़ौना में कोल्ड स्टोरेज, बच्चों के लिए पार्क, हर पंचायत में उच्च विद्यालय और पुस्तकालय आदि की मांग की है। इस महिला संवाद कार्यक्रम के अंत में संवाद में उपस्थित सभी महिला के द्वारा घरेलू हिंसा नहीं करने एवं पीड़ित महिला का साथ देने एवं बैंक या जीविका या अन्य स्त्रोत से प्राप्त राशि का सदुपयोग कर अपने परिवार को 10000रु मासिक आय के लक्ष्य के

# मणिभाई देसाई: गांव की मिट्टी से गढ़ा एक गांधीवादी जीवन

## >> विचार

"देशी गायों की नस्ल सुधार, कृत्रिम गर्भाधान तकनीक, वर्षा जल संचयन, वृक्षारोपण, और ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण जैसे कार्यों को बढ़ावा दिया। उनका दृष्टिकोण साफ़ था-विकास का मतलब सिर्फ़ सड़कें और बिजली के तार नहीं, बल्कि वह हर वह बदलाव है, जो किसी इंसान के जीवन में रोशनी लाए। चाहे वह स्वच्छ पानी की बूंद हो, स्थायी रोज़गार का अवसर हो, या फिर आत्मसम्मान की वह मुस्कान, जो किसी के चेहरे पर खिल उठे। मणिभाई का कार्यक्षेत्र कभी सीमाओं में बंधा नहीं। गुजरात और महाराष्ट्र से शुरूहुआ उनका सफ़र राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, और यहाँ तक कि नेपाल तक फैला।

**प्रो. आरके जैन**

जब कोई इंसान अपना पूरा जीवन दूसरों की भलाई के लिए समर्पित कर देता है, तो वह सिर्फ़ एक नाम नहीं रहता-वह एक विचार बन जाता है, एक ऐसी चिंगारी, जो समय की सबसे तेज़ आंधियों में भी नहीं बुझती। मणिभाई भीमभाई देसाई ऐसी ही शख्सियत थे, जिन्होंने गांधीवाद को न केवल अपने दिल में उतारा, बल्कि उसे धरती पर जीकर दिखाया। उनका जीवन एक आंदोलन था-ग्रामीण भारत को सशक्त करने का, सामाजिक चेतना को जगाने का, और सेवा को सच्चे अर्थों में परिभाषित करने का। उनकी जयंती पर हमें न केवल उनके अमूल्य योगदान को स्मरण करना है, बल्कि उनके उस अटूट जज़्बे को अपनाना है, जो आज भी हमें भारत की जड़ों को मज़बूत करने की राह दिखाता है। 27 अप्रैल 1920 को गुजरात की मिट्टी में जन्मे मणिभाई का बचपन संवेदनशीलता और जिज्ञासा की गहरी छाप लिए था। उनके मन में समाज के प्रति एक अनकहा लगाव था, जो युवावस्था में और गहरा गया। जब देश स्वतंत्रता संग्राम की आग में तप रहा था, तब मणिभाई ने महात्मा गांधी के विचारों को अपनी मंज़िल बनाया। सेवाग्राम आश्रम में गांधीजी के सान्निध्य में उन्होंने चरखे की लय में आत्मनिर्भरता का सबक सीखा। यहीं से उनके जीवन का मकसद साफ़ हुआ-गाँवों को सशक्त करना, गरीबों की आवाज़ बनना, और भारत की आत्मा को फिर से जगाना। गांधीजी ने उन्हें सिखाया कि भारत की असली ताकत उसकी शहरों की चमक में नहीं, बल्कि गाँवों की मिट्टी में छिपी है। मणिभाई ने इस सत्य को न सिर्फ़ समझा, बल्कि इसे अपने जीवन का आधार बनाया। आज़ादी के बाद, जब देश की नज़रें शहरों की चकाचौंध पर टिक गई थीं और गाँव उपेक्षा के अंधेरे में डूब रहे थे, तब मणिभाई ने गाँवों को अपनी कर्मभूमि चुना। उनका मानना था कि जब तक गाँव आत्मनिर्भर नहीं होंगे, भारत की स्वतंत्रता अधूरी रहेगी। इस दृष्टिकोण ने जन्म दिया एक क्रांतिकारी शुरुआत को। 1959 में, पुणे के पास उरली कांचन गाँव में, उन्होंने भारतीय कृषि उद्योग फाउंडेशन (बीएआईएफ) की नींव रखी। यह कोई साधारण संस्था नहीं थी; यह एक ऐसी कार्यशाला थी, जहाँ विकास के सपने कागज़ों पर नहीं, बल्कि ज़मीन पर साकार होते थे। मणिभाई ने ग्रामीणों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया, उनकी ज़रूरतों को समझा, और उनके लिए स्थायी समाधान तलाशे। बीएआईएफ के ज़रिए मणिभाई ने वैज्ञानिक सोच और गांधीवादी मूल्यों का ऐसा संगम रचा, जो आज भी सामाजिक संगठनों के लिए मिसाल है। उन्होंने देशी गायों की नस्ल सुधार, कृत्रिम गर्भाधान तकनीक, वर्षा जल संचयन, वृक्षारोपण, और ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण जैसे कार्यों को बढ़ावा दिया। उनका दृष्टिकोण साफ़ था-विकास का मतलब सिर्फ़ सड़कें और बिजली के तार नहीं, बल्कि वह हर वह बदलाव है, जो किसी इंसान के जीवन में रोशनी लाए। चाहे वह स्वच्छ पानी की बूंद हो, स्थायी रोज़गार का अवसर हो, या फिर आत्मसम्मान की वह मुस्कान, जो किसी के चेहरे पर खिल उठे। मणिभाई का कार्यक्षेत्र कभी सीमाओं में बंधा नहीं। गुजरात और महाराष्ट्र से शुरू हुआ उनका सफ़र राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, और यहाँ तक कि नेपाल तक फैला। उनके लिए सेवा का कोई भौगोलिक दायरा नहीं था, क्योंकि वे मानवता को राष्ट्रवाद से ऊपर मानते थे। उनके प्रयासों से लाखों ग्रामीण परिवारों की ज़िंदगी बदली। खेतों में हरियाली लौटी, गौशालाओं में समृद्धि आई, और गाँवों में आत्मविश्वास की लौ जल उठी। इअका के ज़रिए उन्होंने न सिर्फ़ आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया, बल्कि सामाजिक जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण जैसे मूल्यों को भी गाँव-गाँव तक पहुँचाया। मणिभाई भीमभाई देसाई का जीवन एक ऐसी गाथा है, जो ग्रामीण भारत के हृदय में उत्साह और उमंग की लौ जलाती है। उनकी उपलब्धियाँ किसी चमत्कार से कम नहीं-उन्होंने गाँवों में स्वच्छ पेयजल के लिए सामुदायिक कुओं और ट्यूबवेल की व्यवस्था को बढ़ावा दिया, जिसने लाखों ग्रामीणों की जिंदगी को आसान बनाया। उनकी खासियत थी उनकी अद्भुत संगठन क्षमता; उन्होंने ग्रामीण कारीगरों के लिए मेलों और बाजारों का आयोजन किया, जहाँ उनकी हस्तकला को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच मिला। मणिभाई ने ग्रामीण बच्चों के लिए रात्रि पाठशालाएँ शुरू कीं, जो खेतों में दिनभर काम करने वाले परिवारों के लिए शिक्षा की किरण बनीं। उनका व्यक्तित्व एक प्रेरक दीपक की तरह था-वे जहाँ जाते, वहाँ उम्मीद का उजाला छा जाता। उनका विश्वास था, "हर गाँव की मिट्टी में समृद्धि का बीज छिपा है; जरूरत है उसे प्यार और परिश्रम से सींचने की। उनकी कार्यशैली में एक अनोखा संयम और साहस था। वे न तो दिखावे के भूखे थे, न ही तालियों के। उनका विश्वास अपने काम की ताकत में था। वे कहा करते थे, "विकास का असली मापदंड आँकड़ों की जटिल तालिकाओं में नहीं, बल्कि उन चेहरों की मुस्कान में है, जो पहले निराशा के अंधेरे में डूबे थे।" यही वजह थी कि उन्हें रेमन मैग्सेसे पुरस्कार (एशिया का नोबेल पुरस्कार), जमनालाल बजाज पुरस्कार जैसे सम्मान मिले। लेकिन इन सबसे परे, वे सादगी की जीवंत तस्वीर थे। खादी का कुरता पहने यह कर्मयोगी हर सुबह खेतों में, गौशालाओं में, या ग्रामीणों के बीच काम करता दिखता था। 14 नवंबर 1993 को मणिभाई इस दुनिया से विदा हुए, लेकिन उनके विचार और कर्म आज भी ज़िंदा हैं। बीएआईएफ आज भी उनके सपनों को साकार कर रहा है, उनके मूल्य आज भी प्रासंगिक हैं, और उनकी प्रेरणा आज भी अनगिनत युवाओं को समाज सेवा की राह दिखा रही है। मणिभाई का जीवन हमें सिखाता है कि बदलाव का रास्ता आसान नहीं होता, लेकिन अगर इरादे पक्के हों और मकसद साफ़ हो, तो सबसे जटिल समस्याएँ भी हल हो सकती हैं। उन्होंने नारे नहीं लगाए, योजनाएँ नहीं बाँटीं, बल्कि चुपचाप, संकल्प के साथ काम किया। उनके लिए समाज सेवा कोई पेशा नहीं थी-वह उनका स्वभाव था, उनकी आत्मा की पुकार। आज, जब विकास को हम अक्सर ऊँची इमारतों और चमकते शहरों से मापते हैं, मणिभाई देसाई जैसे व्यक्तित्व हमें सच्चाई का आईना दिखाते हैं। वे हमें सिखाते हैं कि असली विकास वही है, जो समाज के सबसे निचले पायदान को ऊपर उठाए। वह विकास, जो किसी गाँव की उस औरत को नई आवाज़ दे, जो कभी चुप रहने को मजबूर थी। वह विकास, जो किसी किसान के दिल में अपने बच्चों के लिए बड़े सपनों का बीज बोए। मणिभाई का जीवन महज एक कहानी नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है-उन सभी के लिए, जो भारत को उसकी जड़ों से समृद्ध होते देखना चाहते हैं। उनकी जयंती पर उस अटल संकल्प को नमन करें, जो गाँवों की माटी, खेतों की हरियाली और हर उस हृदय में जीवित है, जो निःस्वार्थ सेवा की ज्योति जलाए रखता है।



## संपादकीय

# आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का वक्त

यकीनन कश्मीर बदला है। पहलगाम में तो सडक़ों पर और होटलों में सन्नाटा पसरा है। दुकानों पर ताले लटके हैं। लोग मानसिक तौर पर आहत हैं, क्योंकि कश्मीरियत के मेहमानों के कत्ल किए गए हैं। उनकी परंपराएं छिन्न-भिन्न हुई हैं। कश्मीर में सैलानियों को इस तरह कभी भी निशाना नहीं बनाया गया। कश्मीर के पेट पर लात मारी गई है। श्रीनगर के ऐतिहासिक 'लाल चौक' पर जो विरोध-प्रदर्शन किए गए, उनमें हिंदू, मुस्लिम, सिख, डोगरा आदि सभी समुदायों के चेहरे दिखाई दे रहे थे। डल लेक पर शिकारे बंद पड़े हैं और वे सामूहिक तौर पर आतंकवाद को खारिज कर रहे हैं। जिन हाथों में कभी पत्थर और 'हिंदुस्तान विरोध' की तख्तियां होती थीं, आज उन हाथों में 'तिरंगा' लहरा रहा है। कारगिल से कन्याकुमारी तक गुस्सा और आक्रोश एक जैसा ही है। प्रधानमंत्री मोदी का यह कथन यकीन दिलाता है कि आतंकवाद ने जब भी मासूम, बेकसूर और निहत्थे लोगों की बर्बर हत्याएं की हैं, तब समूचा भारत एकसूत्र में बंधा दिखाई दिया है। तमाम विपक्षी दलों ने भी सरकार को, आतंकियों के खिलाफ, कोई भी कार्रवाई करने को अधिकृत किया है। सरकार और सुरक्षा-खुफिया तंत्र ने स्वीकार किया है कि सुरक्षा-व्यवस्था में चूक हुई है, लेकिन सर्वदलीय बैठक को ब्रीफ किया गया है कि कुछ टूर ऑपरेटर सैलानियों को बैसरन घाटी के घसियाले मैदान तक ले गए थे और प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं दी गई, लिहाजा पुख्ता सुरक्षा बंदोबस्त भी नहीं किए जा सके। पहलगाम के अन्य हॉटस्पॉट के आसपास करीब 500 सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे। वहां कोई भी आतंकी घटना नहीं हुई है। यह सरकार के पक्ष की सफाई हो सकती है, लेकिन स्थानीय पुलिस को यह साफ दिख रहा होगा कि बैसरन में हजारों पर्यटक जा रहे हैं। पुलिस आंख नहीं मूंद सकती। बहरहाल अब हमें प्रधानमंत्री मोदी की हुंकार पर भरोसा करना चाहिए कि आतंकियों और उनके आकाओं को उनकी कल्पना से बड़ी सजा दी जाएगी। आतंकियों की बची-खुची जमीन को मिट्टी में मिलाने का वक्त आ गया है। देश की भावनाओं और उत्साह के मद्देनजर प्रधानमंत्री का ऐसा संबोधन भी बेहद जरूरी है, लेकिन रक्षा विशेषज्ञ 'कश्मीर के जयचंदों' को, आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई में, बड़ी बाधा मानते हैं। वे संख्या में भी काफी हैं और ताकतवर भी हैं। जब तक इन 'जयचंदों' को मिट्टी में नहीं मिलाया जाएगा, तब तक भारत आतंकवाद का समूल विनाश नहीं कर सकता। ये 'जयचंद' आतंकियों के स्थानीय गिरोह हैं, स्लीपर सेल हैं और पनाहगाह भी हैं। एक सूचना सामने आई है कि जो आतंकी 'पहलगाम नरसंहार' का सरगना था, वह बीते 4-5 साल से कश्मीर में सक्रिय है और कोने-कोने से वाकिफ है। स्थानीय खुफिया-तंत्र क्या करता रहा है? हम इस सूचना की पुष्टि नहीं कर सकते, लेकिन जम्मू-कश्मीर में 'आतंकियों के जयचंद' राजनीतिक कार्यकर्ता के तौर पर, रेहड़ी-पटरी वाले कारोबारी के रूप में, सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर मौजूद और सक्रिय हैं, यह खुलासा तो सेवानिवृत्त सैन्य जनरल और पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारी कर रहे हैं, जिन्होंने अतीत के उग्र और हत्यारे आतंकियों के दौर देखे हैं और उनसे लड़ाई भी की है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि 'आतंकवाद के जयचंदों' की पूरी सूचियां पुलिस और सेना के पास होती हैं। 'जयचंदों' का निचले स्तर तक जो जाल फैला है, उसकी सम्यक जानकारी होती है। सूचनाओं के आधार पर ये सूचियां तैयार की जाती हैं। इन पर कार्रवाई तभी होगी, जब राजनीतिक नेतृत्व 'हरी झंडी' देगा। रक्षा विशेषज्ञों की सूचनाओं के आधार पर पहले 'जयचंदों' को मिट्टी में मिलाया जाए।

# कपास के धागों में उलझे किसान

**विजय गर्ग**

भारत कभी विश्व में कपास का एक प्रमुख उत्पादक और निर्यातक था। मगर आज कपास उत्पादन गंभीर संकट से जूझ रहा है। यह संकट न केवल किसानों की आजीविका पर खतरा पैदा कर रहा है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और वस्त्र उद्योग पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। कपास भारत की महत्त्वपूर्ण नकदी फसल है, जिसका देश की कृषि अर्थव्यवस्था में अहम योगदान है। यह लाखों किसानों और कृषि श्रमिकों के लिए आय का मुख्य स्रोत है। इसके अलावा, यह भारतीय वस्त्र उद्योग की रीढ़ की हड्डी है, जो देश के सबसे बड़े रोजगार सृजन क्षेत्रों में से एक है। सदियों से, भारत ने उच्च गुणवत्ता वाले कपास का उत्पादन किया है और वैश्विक बाजार में प्रमुख स्थान बनाए रखा है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय कपास उत्पादन कई चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिससे इसके में गिरावट आई है और किसानों को कीटों का प्रकोप, मिट्टी की उर्वरता में भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है कमी, पानी की कमी, बढ़ती लागत और बाजार की अस्थिरता जैसे कारकों ने मिल कर इस संकट को जन्म दिया है। इस संकट का सीधा असर किसानों की आर्थिक स्थिति, वस्त्र उद्योग में प्रतिस्पर्धा और अंततः देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन भारतीय कृषि के लिए बड़ा खतरा बन गया है। कपास उत्पादन भी इससे अछूता नहीं है। अनियमित वर्षा, अत्यधिक गर्मी, सूखा और बाढ़ से कपास बुरी तरह प्रभावित हो रही है। लंबे समय तक सूखे के कारण सिंचाई के लिए पानी की कमी हो जाती है, जबकि अत्यधिक वर्षा और बाढ़ से फसलें नष्ट हो जाती हैं। बदलते मौसम के कारण कीटों और बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ गया है, जिससे फसल की पैदावार र गुणवत्ता दोनों प्रभावित हो रही हैं। दरअसल, कपास की फसल विभिन्न के कीटों और र बीमारियों के के प्रति संवेदनशील होती है। इनमें सबसे प्रमुख गुलाबी 'बालवर्म' है, जिसने हाल के वर्षों में देश के कई कपार उत्पादक क्षेत्रों क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई है। बीटी कपास, जिसे 'बालवर्म' के प्रति प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने के लिए जेनेटिक रूप से संशोधित किया गया था, शुरू में में काफी सफल रहा, लेकिन धीरे-धीरे कौटों ने इसके प्रति भी प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर ली है। इसके अलावा, सफेद मक्खियों और



अन्य बीमारियों ने भी कपास की फसल को नुकसान पहुंचाया है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। लगातार एक ही प्रकार र की फसल उगाने और रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग के कारण देश के कई कपास उत्पादक क्षेत्रों में में मिट्टी की उर्वरता कम हो गई है। मिट्टी में जैविक कार्बन की कमी हो गई है, " जिससे मिट्टी की जल धारण क्षमता र पोषक तत्त्वों बनाए रखने की क्षमता कम हो गई है। इसके परिणामस्वरूप, कपास की पैदावार में गिरावट आई है और उत्पादन लागत बढ़ गई है। कपास पानी की खपत वाली फसल है। भारत के कई कपास उत्पादक क्षेत्र पहले से ही पानी की कमी से जूझ रहे से हैं। भूजल स्तर में गिरावट और सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता में कमी के कारण किसानों को कपास की खेती करने में कठिनाई हो रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण सूखे की आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि ने इस समस्या को और बढ़ा दिया है। कपास की खेती की लागत पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ गई है। बीज, उर्वरक, कीटनाशक और श्रम की लागत में वृद्धि के कारण किसानों के लिए कपास की खेती करना महंगा हो गया है। इसके अलावा, कीटों और बीमारियों के प्रकोप के कारण किसानों को अतिरिक्त कीटनाशक खरीदने और उनका उपयोग करने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे उत्पादन लागत और बढ़ जाती है। कपास की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिलता है, जिससे किसानों के लिए अपनी उपज की बिक्री से स्थिर आय प्राप्त करना मुश्किल हो जाता है। कई बार किसानों को अपनी फसल को लागत से भी कम कीमत पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे उन्हें भारी नुकसान होता है। सरकारी समर्थन मूल्य (एमएसपी) की व्यवस्था भी सभी किसानों तक प्रभावी रूप से नहीं पहुंच पाती है। कई क्षेत्रों में किसानों को नकली या निम्न गुणवत्ता वाले बीजों का सामना करना पड़ता है, जिससे फसल की पैदावार और गुणवत्ता प्रभावित होती है। बढ़ती लागत के कारण कई किसान कर्ज के जाल में फंस गए हैं। कपास उत्पादन संकट से निपटने तथा कपास किसानों और वस्त्र उद्योग भविष्य सुरक्षित करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। । रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग को कम करने और मिट्टी स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना महत्त्वपूर्ण है। जैविक खेती, प्राकृतिक खेती और एकीकृत कीट प्रबंधन जैसी तकनीक अपनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। 1 कपास की खेती में पानी के 5 कुशल उपयोग को बढ़ावा देने के लिए 'स्प्रिंकलर सिंचाई' जैसी आधुनिक सिंचाई तकनीकों को अपनाने के लिए किसानों को वित्तीय सहायता और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जाना । चाहिए। जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के उपायों क को भी प्रोत्साहित किया जाना` कीटों और बीमा बीमारियों के प्रकोप से से निपटने के लिए अनुसंधान और विकास में निवेश बढ़ाने की की आवश्यकता है। भारत में कपास उत्पादन का संकट गंभीर चुनौती है, जिसका सामना देश के किसान, वस्त्र उद्योग और अर्थव्यवस्था कर रहे हैं। इस संकट का किसानों की आजीविका पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। हालांकि, सही नीतियों और रणनीतियों को अपना कर इस संकट से निपटा जा सकता है। टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना, देना, पानी के कुशल उपयोग को प्रोत्साहित करना, कीटों और बीमारियों के प्रबंधन के लिए प्रभावी रणनीतियां विकसित करना, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करना, बाजार समर्थन सुनिश्चित करना और किसानों को शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करना कुछ महत्त्वपूर्ण कदम हैं, जो कपास उत्पादन को फिर से पटरी पर लाने में मदद कर सकते हैं। (विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रिंसिपल मलोट पंजाब)

# वेव्स: वैश्विक प्रभाव हेतु युवा रचनाकारों को प्रोत्साहन व भारत के मीडिया व मनोरंजन स्टार्टअप को गति देना

**किरण मजूमदार-शॉ**

वैश्विक व्यापार शुल्क और शेयर बाजार की अस्थिरता के समक्ष भारत एक उदार अर्थव्यवस्था के रूप में मज़बूती से आगे बढ़ रहा है। अपनी जनसांख्यिकीय और तकनीकी क्षमताओं का लाभ उठाते हुए, भारत चुनौतियों को अवसरों में परिवर्तित करते हुए स्वयं को वैश्विक 'रचनात्मक शक्ति' के रूप में स्थापित कर सकता है। एक समृद्ध कहानी कहने की परंपरा के साथ, भारत का मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र 'भारत में निर्माण करें, दुनिया के लिए निर्माण करें' दृष्टिकोण के माध्यम से दुनिया भर के रचनाकारों को जोड़ने का लक्ष्य रखता है। भारत फिल्म, संगीत, कला और प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में युवा रचनाकारों की बढ़ती आबादी वाला राष्ट्र है। विशेष रूप से, नमित मल्होत्रा के डीएनईजी ने दृश्य प्रभाव और एनीमेशन स्टूडियो के माध्यम से ड्यून 2 की ऑस्कर अर्जित सफलता में अभूतपूर्व वीएफएक्स का प्रदर्शन किया। यह भारत की 7वीं ऑस्कर सफलता थी जिसने वैश्विक मनोरंजन उद्योग में भारत के बढ़ते प्रभाव को उजागर किया। पारंपरिक फिल्म निर्माण से डिजिटल निर्माण तक की विकास यात्रा विश्व स्तरीय कंटेन्ट बनाने में देश की क्षमता को दर्शाती है। भारत सरकार के विश्व श्रव्य-दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 के अंग, वेव्स एक्सेलरेटर (वेवएक्स) का उद्देश्य युवा रचनाकारों को उद्योग जगत प्रमुखों से जोड़ना और स्टार्टअप विकास को बढ़ावा देना है। मई 2025 में मुंबई में होने वाला वेव्स, संरक्षण, वित्त पोषण और वैश्विक अवसर प्रदान करते हुए भारत के मीडिया और मनोरंजन स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत है। इस क्षेत्र में वर्ष 2023 के 2,422 बिलियन रूपए से 2027 तक 3,067 बिलियन रूपए तक की वृद्धि होने का अनुमान है, जिसमें गेमिंग, एआई और मेटावर्स जैसे अभिनव क्षेत्र शामिल हैं। पहचान स्थापित करने की चुनौतियों के बावजूद, वेव्स- ब्रह्मन गेम स्टूडियो, कीबाउंड और वायॉन क्लाउड जैसे स्टार्टअप के लिए वैश्विक निवेशकों के समक्ष अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस पहल में लैपविंग स्टूडियो और वाइगर मीडिया जैसे महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप भी शामिल हैं, जो मीडिया और मनोरंजन इकोसिस्टम के भीतर समावेशिता को बढ़ावा देते हैं। वेव्स एक ऐसा गतिशील और प्रतिस्पर्धी स्टार्टअप वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जो अंतरराष्ट्रीय सफलता के लिए लॉन्चपैड के रूप में कार्य करेगा। वेवएक्स सीधे पूंजी, सलाह और वैश्विक प्रदर्शन में आने वाली बाधाओं का समाधान उपलब्ध कराते हुए न केवल वित्तीय सहायता प्रदान करेगा बल्कि विकास के लिए एक सुव्यवस्थित इकोसिस्टम भी प्रदान करेगा। मात्र 10,000 रुपये और एक विजन के साथ शुरू किए गए बायोकॉन के बाद, मैं ऐसे प्रेरणादायी प्लेटफार्मों के महत्व को समझती हूं।

**रचनात्मक केन्द्र :** म्यूज़ियम ऑफ़ आर्ट एंड फ़ोटोग्राफ़ी (एमएपी) और साइंस गैलरी बेंगलुरु जैसी पहलों के माध्यम से कला के समर्थक के तौर पर, मेरा मानना है कि किसी देश की संस्कृति उसकी कला और विज्ञान दोनों में निहित होती है। कला और विज्ञान दोनों ही रचनात्मकता में निहित हैं; वैज्ञानिक भी प्रयोगशालाओं में उसी तरह प्रयोग करते हैं जैसे कलाकार कैनवास पर करते हैं। अपने जनसांख्यिकीय लाभ, तकनीकी क्षमताओं और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के शानदार सामंजस्य के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा भारत रचनात्मकता का एक समृद्ध केंद्र है। भारत में यह समायोजन सिर्फ़ दार्शनिक नहीं है अपितु व्यावहारिक भी है, उद्योगों को आकार दे रहा है और मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा दे रहा है। सदियों से चली आ रही कहानी कहने की परंपरा के साथ, भारत एक वैश्विक रचनात्मक शक्ति के रूप में उभरने के मामले में बेहद शानदार स्थिति में है। शास्त्रीय नृत्य से लेकर सिनेमा तक और कॉमिक्स से लेकर इमर्सिव तकनीक तक, हम एक रोमांचक युग में प्रवेश कर रहे हैं जहां रचनात्मकता अत्याधुनिक नवाचार के साथ जुड़ती है। 'भारत में निर्माण करें, दुनिया के लिए निर्माण करें' की अवधारणा इस महत्वाकांक्षा को पूरी तरह से दर्शाती है।

*रचनात्मक स्टार्टअप के लिए प्रेरणादायी* वे०?स तकनीक और कहानी कहने की सुंदर समाभिरूपता का उदाहरण है। वेवएक्स एनिमेशन, एआई, एआर/वीआर, गेमिंग और मेटावर्स जैसे अभिनव क्षेत्रों में स्टार्टअप का समर्थन करके इसका लाभ उठाने के लिए तैयार है। वेव्स बाज़ार के लिए 4500 से ज़्यादा विक्रेता और 5,900 से ज़्यादा खरीदार पंजीकृत हैं, इस पहल से भारतीय स्टार्टअप को वैश्विक कंपनियों से जोड़ने का वादा किया गया है, जिससे वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य में भारत के अग्रणी बनने की गति में तेजी आएगी। वेव्स पारंपरिक मीडिया से आगे जाते हुए नवाचार को भी बढ़ावा देता है। एरुकैनाविस टेक्नोलॉजीज जैसी कंपनियाँ एआई-संचालित विज्ञापनों में अग्रणी हैं, जबकि अमेज स्टूडियो और ऑफ़लाइन ह्यूमन स्टूडियो एनिमेशन और वीआर के माध्यम से कहानी कहने को फिर से परिभाषित कर रहे हैं। इनस्केप एक?सआर और विज़न इम्पैक्ट जैसे एड-टेक उद्यम इमर्सिव मीडिया के साथ इस क्षेत्र के शिक्षण कौशल को नया रूप दे रहे हैं। साथ में, ये स्टार्टअप भारत के रचनात्मक इकोस्स्टम की विशाल क्षमता और वैश्विक प्रासंगिकता को उजागर करते हैं।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक , प्रकाशक व संपादक सरोज चौधरी द्वारा न्यू लोक भारती प्रेस, वार्ड 10 कोकर औद्योगिक क्षेत्र कोकर रांची से मुद्रित तथा ई -37, अशोक विहार रांची से प्रकाशित, संस्थापक संपादक :स्व. राधाकृष्ण चौधरी
प्रबंध संपादक : अरूण कुमार चौधरी, फोन: 9471170557/08084674042, ई-मेल : Divyadinkarranchi @ gmail.com,RNI Regd. No. : JHAHIN/2013/54373Postal Registration No. : RN-11/2012)

## संक्षिप्त समाचार

### नीतीश कुमार और संजय झा शामिल हुए जदयू के अधिवक्ता समागम' कार्यक्रम में



**पटना** , ।जदयू कार्यालय में अधिवक्ता समागम' कार्यक्रम का आयोजन हुआ।इस कार्यक्राम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ जद(यू) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा मौजूद रहे।इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिवक्तागण के साथ संवाद कर बिहार में न्याय के साथ विकास को धरातल पर उतारने में अधिवक्ताओं की भूमिका की जमकर प्रशंसा की।साल के अंत में बिहार विधानसभा चुनाव होना है और इसको लेकर एनडीए के सभी दल और खासकर जदयू ने कमर कस ली है और और जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि बिहार में दोबारा डबल इंजन की सरकार पूरी मजबूती के साथ वापस आएगी और बिहार के विकास कार्यों में जो तेजी है वह लगातार बने रहेगी।

### अपने नोडल पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करेंगे कार्य: अपर समाहर्ता

**खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तैयारी को लेकर दिनकर कला भवन में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन**




**नन्दकिशोर दास**

बेगूसराय ब्यूरो।जिला अंतर्गत आगामी 4 से 15 मई तक होनेवाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तैयारी को लेकर गेम्स में प्रतिनियुक्त वोलेटिंयर को ट्रेनिंग देने के लिए दिनकर कला भवन में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर समाहर्ता बेगूसराय, भूमि सुधार उप समाहर्ता बेगूसराय, जिला शिक्षा पदाधिकारी बेगूसराय, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्वशिक्षा, कला संस्कृति पदाधिकारी, उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा सहित खेल विभाग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। प्रतिनियुक्त वोलेटिंयर में फुटबॉल के खिलाड़ी, सरकारी एवं निजी विद्यालयों के स्पॉट्स शिक्षक आदि शामिल थे।इस अवसर पर अपर समाहर्ता ने सभी वोलेटिंयर को अच्छे से ट्रेनिंग लेने की बात कही।सभी प्रतिनियुक्त वोलेटिंयर को दोनों स्थानों पर होने वाले फुटबॉल गेम के शैड्यूल की पूरी जानकारी रखने की बात कहीं।उन्होंने कहा कि सभी वोलेटिंयर को जहां प्रतिनियुक्त किया जायेगा, वहां पर अपने नोडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर कार्य करेंगे।साथ ही टीम के पहुंचने से पहले प्रतिनियुक्त स्थान पर ससमय उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे।कार्यक्रम में पटना से आये ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दी गई। जिसमें बताया गया कि खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध सभी सुविधाएं जैसे वाहन, हेल्पडेस्क, भोजन इत्यादि की पूरी जानकारी रखेंगे।ताकि खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो।साथ ही खेल आयोजन में बाहर से आने वाले सभी वीआईपी अतिथियों को हरसंभव सहयोग करने के लिए संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई।बताते चलें कि इस बार बिहार में खेलो इंडिया यूथ गेम का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें बिहार के पांच जिले में खेल का आयोजन किया जायेगा।इसके तहत बेगूसराय जिले के यमुना भगत स्टेडियम तेघरा एवं रिफाइनरी बरौनी स्टेडियम बेगूसराय में फुटबॉल गेम का आयोजन 4 से 15 मई तक किया जा रहा है।

### सदस्यता अभियान पूर्ण होने पर पूर्व विधायक बाबूलाल राम ने जताई प्रसन्नता



**नन्दकिशोर दास**

बेगूसराय ब्यूरो।शनिवार को शहर के एक होटल के सभागार भवन में राजद जिला निर्वाचन पदाधिकारी व पूर्व विधायक लाल बाबूराम की अध्यक्षता में बैठक हुई।जिला सहायक निर्वाचन पदाधिकारी नरेश यादव ने संचालन किया।बैठक में जिलेभर के पार्टी के पदाधिकारियों ने भाग लिया।सभी उपस्थित पार्टी के विधानसभा संगठन प्रभारी, प्रखंड अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष ने सदस्यता अभियान पर प्रकाश डालते हुए अपने-अपने विधानसभा और प्रखंडों में सदस्यता अभियान की जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष रखे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष व पूर्व विधायक लालबाबू राम ने कहा कि बेगूसराय में पार्टी के निर्देश पर सभी बूथों पर सदस्यता अभियान पूर्ण होने पर प्रसन्नता जाहिर की।कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सहायक जिला निर्वाचन पदाधिकारी रामनरेश यादव ने कहा कि संगठन का चुनाव निर्धारित तिथियों पर होगा।सदस्यता अभियान में जिन साथियों के द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया है।राज्य कार्यालय के द्वारा सम्मानित किया जाएगा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मोहित यादव ने कहा कि कार्यकताओं के बल पर पार्टी के विधायक और सांसद बनते हैं।पार्टी के कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होता है।मटिहानी संगठन प्रभारी त्रिभुवन कुमार सिंह उर्फ पिंटू, बखरी विधानसभा संगठन प्रभारी हरे राम महतो, बछवारा विधानसभा संगठन प्रभारी मनोज कुमार यादव, बेगूसराय संगठन प्रभारी बूटन साह, जिला प्रवक्ता श्याम प्रसाद दास, जिला उपाध्यक्ष मदन रजक ने संबोधित किया।कार्यक्रम में मटिहानी प्रखंड अध्यक्ष कैलाश यादव, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुमन पासवान, तेघरा प्रखंड प्रभारी प्रभु यादव, बरौनी प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल जब्बार, बछवारा प्रखंड अध्यक्ष सुनील यादव, बेगूसराय प्रखंड अध्यक्ष सहजानंद यादव, पवन पोद्दार, बमबम कुमार सिंह, मोहम्मद सनोवर अली, मोहम्मद गुड्डू खान, ऋषि कुमार इत्यादि दर्जनों नेता उपस्थित थे।

# दस्तावेज बनाने में कोई बिचैलिया तंग परेशान करे अथवा अवैध राशि की मांग करे तो तत्काल उसकी शिकायत करें: डीएम

## एससी-एसटी टोला में सरकार आपके द्वार सह विकास शिविर का आयोजन

**दिव्य दिनकर जिला संवाददाता रंजीत विद्यार्थी**

मुंगेर। डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत शनिवार को सदर प्रखंड के जानकीनगर पंचायत के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोला में सरकार आपके द्वार-सह-विशेष विकास शिविर का आयोजन जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को जहां उनके लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से दिए जा रहे लाभों की जानकारी दी, वहीं कई लाभूकों के बीच राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों का वितरण किया गया। साथ ही स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र में महिला की गोद भराई भी जिलाधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार, उप निदेशक सांख्यिकी आनन्द प्रकाश, स्थानीय मुखिया सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। मौके पर जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि राज्य सरकार द्वारा आप लोगों के लिए कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है, जिसका आप सभी अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस तरह के शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य सरकार आपके द्वार के तहत आप सबों को राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ घर बैठे उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि आप सभी इस शिविर में



अपनी उपस्थिति अवश्य दर्ज कराएं और जो भी समस्याएं अथवा योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी लेनी हो या अपना राशन कार्ड, आधार कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य दस्तावेज बनाना हो तो आप इसी शिविर में आसानी से बनवा सकते हैं। इसके अलावे यदि उक्त दस्तावेज आपके पास नहीं हैं तो इसके लिए इसी शिविर में आप सभी अपना निबंधन करा सकते हैं, ताकि ससमय आपके दस्तावेज शीघ्र बन कर आपको उपलब्ध करा दिया जाए। उन्होंने कहा कि पंचायत के मुखिया द्वारा भी आप सभी को इन योजनाओं की जानकारी दी जाती है। यदि आप राज्य सरकार की योजनाओं को और गहनता से जानना चाहते हैं तो अपने स्मार्ट मोबाइल में संबंधित योजना की जानकारी भी आनलाइन प्राप्त कर सकते हैं अथवा प्रखंड या जिला मुख्यालय के संबंधित पदाधिकारियों से सम्पर्क कर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार आप सबों के प्रति अत्यंत ही गंभीर है और आप सबों को उनके द्वारा संचालित योजनाओं का ससमय लाभ मिल सके इसके लिए सरकार आपके द्वार -सह- विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया है, ताकि आप निःसंकोच किसी भाग दौड़ के आसानी से अपना कार्य करा सकें। उन्होंने कहा कि यदि आप सबों को किसी भी प्रकार के कोई दस्तावेज निर्माण में कोई बिचैलिया तंग परेशान करे अथवा अवैध राशि की मांग करे तो तत्काल उसकी शिकायत संबंधित पदाधिकारी अथवा सीधे मेरे मोबाइल पर सम्पर्क कर मुझे भी दे सकते हैं। तत्काल ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मुंगेर चेंबर ऑफ कॉमर्स का शहर बंद करने का अविवेकपूर्ण : लालू

**बंदी के जगह चेंबर को पीएम मोदी, रक्षा मंत्री अमित शाह, सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल का पुतला दहन करना चाहिए**

**दिव्य दिनकर बिहार उप-प्रभारी पवन कुमार चौधरी**

मुंगेर। राजद के राज्य परिषद सदस्य शिशिर कुमार लालू ने ब्यान जारी कर कहा कि पहलगाम में आतंकवादी द्वारा मारे गए पर्यटक के विरोध में मुंगेर चेम्बर ऑफ कॉमर्स का मुंगेर बंद कराना अविवेकपूर्ण निर्णय के साथ ही साथ मुंगेर के आम जनता को परेशान करने वाला है। अच्छा होता कि जम्मू-कश्मीर जो एक केंद्र शासित प्रदेश है, जहां स्थानीय पुलिस भी भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंदर आता है साथ ही देश तमाम खुफिया तंत्र आईबी, सीआईडी, रॉ, एनआईए, सक्रिय है। साथ ही, भारतीय सेना के लाखों सैनिक तैनात किए गए है, इसके बाद भी इतना बड़ा हृदय विदारक घटना घटने का मतलब है खुफिया तंत्र का विफल होने के साथ साथ गृह मंत्रालय में तालमेल की कमी है। अच्छा होता की मुंगेर बंद करने की जगह देश के नेता प्रधानमन्त्री, नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के साथ सुरक्षा सलाहकार




अजीत डोभाल का पुतला दहन कर उन शौक संपत परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते। राजद नेता ने कहा कि चेम्बर ऑफ कॉमर्स व्यापारिक हितों की रक्षा हेतु बना है, लेकिन आए दिन बिहार में हो व्यापारियों की हत्या, लूट के साथ सरकारी तंत्र द्वारा डरा धमका कर आर्थिक दोहन किया जाता है। लेकिन व्यापारिक हितों के सवाल पर मौन रहता है। बंद से जहां आम नागरिक परेशान होता है, रोज कमाने खाने वाला भी परेशान होता है जैसे सब्जी बेचने, फल बेचने, खोजनचा वाला, ठेला वाला, टोटो वाला, ओटो वाला के साथ बच्चों को भी स्कूल आने जाने में दिक्कत होता है। आश्चर्य की बात तो ये है कि दुकान में काम करने वाले लोगों का एक दिन का वेतन भी काट लिया जाता है। लगता है ऐसे निर्णय लेने से पहले गम्भीर चिन्तन नही किया गया है और भावना में बहकर निर्णय लिया गया है।

# कैंडल मार्च निकालकर इंडिया के नेताओं ने पहलगाम में मारे गए पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

**दिव्या दिनकर बिहार उप-प्रभारी पवन कुमार चौधरी**

जमालपुर। कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, सीपीआई के संयुक्त नेतृत्व में कैंडल मार्च निकालकर विगत 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए इंडिया गठबंधन के नेताओं ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। कांग्रेस एवं राष्ट्रीय जनता दल सहित इंडिया गठबंधन के नेताओं के द्वारा निकाला गया कैंडल मार्च पूर्वी जमालपुर क्षेत्र स्थित आशिकपुर से आरंभ होकर नयागांव, पोस्ट ऑफिस मोड़, जुबली वेल, सदर बाजार बाजार, बराट चौक होते हुए जुबली वेल पर समाप्त हुआ। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने इस पूरी घटना को इस्लामी जिहादी आतंकवादियों के द्वारा अंजाम दिया गया कायराना हरकत बताया है। कैंडल मार्च सह श्रद्धांजलि सभा के नेतृत्व जमालपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक डॉ अजय कुमार सिंह ने किया। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल आतंकियों के कायराना हमलों में मारे गए 27 नागरिकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते




हुए जमालपुर विधायक डॉ अजय सिंह ने कहा कि यह घटना पूरी तरह से मानवता को शर्मशार करने वाली तथा दिलों को झकझोंर देने वाली है। इस दौरान राष्ट्रीय जनता दल बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के मुंगेर प्रमंडल प्रभारी राजेश रमण उर्फ राजू यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक पासवान, राजद नगर अध्यक्ष बमबम यादव, आरके मंडल, अशोक मंडल, ब्रह्मदेव चौरसिया ने कहा कि केंद्र सरकार को इस घटना पर तुरंत एक्शन लेकर उच्च स्तरीय जांच के माध्यम से आतंकियों की पहचान कर उनका जल्द से जल्द खात्मा किया जाना चाहिए। प्रो डॉ देवराज सुमन, नागेश्वर यादव, विनय यादव, डॉ दिनेश, अरुण मंडल, मयंक राज, मनीष कुमार, अरुण यादव ने कहा कि जम्मू कश्मीर में सुरक्षा में हुई भारी चूक पर सरकार को जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय गृह मंत्री तथा केंद्रीय रक्षा मंत्री को तुरंत प्रभाव से इस्तीफा दे देना चाहिए। मौके पर डब्लू रजक, गौतम कुमार, राकेश कुमार, अशोक यादव, मंतोष कुमार, विमल, राकेश चौधरी, मो परवेज अकरम, संजय राऊत, रवि सिंह यादव, विनोद मंडल, राम मंडल, मनीष गुप्ता, दिलीप मंडल, मुकेश यादव, अंकुश यादव, सोंटी यादव, अमित मंडल साहित इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पहलगाम हमले के विरुद्ध मुंगेर चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आहूत बंदी का रहा व्यापक असर

**चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने शहर में घूम-घूम कर दुकानों को कराया बंद और निकला आक्रोश मार्च**

**बंदी को लेकर शहर में पसरा रहा सन्नाटा, और वाहनो का परिचालन भी रहा बंद**

**पाकिस्तान द्वारा संपोषित आतंकवादियों का यह कायराना हरकत, जवाब मिलना चाहिए: मनोज जैन**

**दिव्य दिनकर जिला संवाददाता काजल गुप्ता**

मुंगेर। बीते 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा संपोषित मुस्लिम जिहादी ओर आतंकवादियों ने कश्मीर के स्थानिक मुस्लिम समुदाय के जेहादी के द्वारा मिलकर भारतीय हिन्दुओं सहित विदेशी नागरिकों की निर्मम हत्या के विरोध में मुंगेर चेम्बर ऑफ कामर्स के आह्वान पर मुंगेर शहर पूरी तरह बंद रहा। चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने शहर में आक्रोश मार्च निकालकर घटना के विरोध में रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। घटना के विरोध में शहर बंद पूरी तरह से सफल रहा। दुकानों के शटर गिरे रहे और बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अशोक




सितारिया की अनुपस्थिति में कॉमर्स के पूर्व सचिव रवि शंकर केसरी के नेतृत्व में चेंबर सदस्यों ने शहर का भ्रमण कर दुकान बंद कराई। चेंबर ऑफ कॉमर्स ने शिक्षण संस्थान को पत्र लिखकर शिक्षण संस्थान भी बंद करने का अपील किया था। उच्च शिक्षण संस्थाओं ने बंदी का समर्थन किया, तो कुछ शिक्षण संस्थान खुले रहे। शहर में दवाई की दुकान व हॉस्पिटल को बंद से मुक्त रखा गया था। चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आहूत मुंगेर बंदी का जुलूस चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय से निकला, जो पूरे शहर में घूम-घूम कर दुकानों को बंद कराया और जमकर पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए। मुंगेर बंदी को लेकर सड़कों पर वाहनों की आवाजाही भी कम देखी गई। छिटपुट वाहन चलते दिखाई पड़े, अधिकांश वाहन मालिकों ने भी वाहन परिचालन बंद कर चेंबर ऑफ कॉमर्स के बंदी को अपना समर्थन दिया। चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में आयोजित मुंगेर शहर बंदी सफल रहा और बंद का व्यापक असर शहर में देखने को मिला। मौके पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव संतोष अग्रवाल, संयोजक दिनेश सिंह, आपात उप समिति के अध्यक्ष मनोज जैन, पूर्व सचिव रवि शंकर केसरी सहित बड़ी संख्या में चेंबर के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे। आपात समिति के उप सचिव मनोज जैन ने बताया कि चैंबर द्वारा आयोजित बंदी पुर पूरी तरह से मुंगेर शहर में सफल रहा। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकी द्वारा जो हमला किया गया वह पाकिस्तान द्वारा संपोषित आतंकवादियों के द्वारा किया गया है। जो की कायराना हरकत है। इसका जवाब आतंकवादियों और पाकिस्तान को मिलना ही चाहिए। चैंबर ऑफ कॉमर्स को मुंगेर विकास मंच ने भी अपना समर्थन दिया था। मंच के संयोजक रवि मोहन उर्फ रवि भगत ने कहा है कि आज भारत के किसी भी राज्य मे हिन्दु सुरक्षित नही है। मुस्लिमों को जहां भी मौका मिल रहा है, हिन्दुओ के बहु बेटी की इज्जत ले रहा है। उनकी हत्या किया जा रहा है। आज हिन्दु बहुसंख्यक हो कर भी अल्प संख्यक हो गया है। जाति मे बांटकर हिन्दुओ को राजनीतिक दलो ने विकलांग बना कर रख दिया गया है। पहलगाम हमला एक सुनियोजित तरिके से हिन्दुओ पर किया गया है।

# बखरी में सघन वाहन चेकिंग से चालकों में मचा हड़कंप

**प्रियंका कुमारी**

बखरी, बेगूसराय। जिला मुख्यालय के निर्देश पर शनिवार को बखरी पुलिस ने कारगिल चौक के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस चेकिंग अभियान के चलते दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। पुलिस द्वारा अचानक चलाए गए इस अभियान से कई चालक घबरा गए और चेकिंग स्थल से बचने के लिए वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेते नजर आए। अभियान के दौरान लगभग सौ से अधिक वाहनों की जांच की गई। जिन चालकों के पास आवश्यक कागजात ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीकरण प्रमाण पत्र, बीमा आदि मौजूद नहीं थे, उनसे मौके पर ही जुमार्ना वसूला गया। यह कार्रवाई यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से की गई। वाहन चेकिंग अभियान का नेतृत्व थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर फैसल अहमद अंसारी कर रहे थे। उनके साथ पीएसआई विक्रम चौधरी तथा अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। पुलिस ने बताया कि आगे भी ऐसे अभियान समय-समय पर जारी रहेंगे ताकि बिना कागजात या नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने वालों पर लगाम लगाई जा सके।



# जदयू मीडिया सेल के जिला कार्यकारणी व प्रखंड अध्यक्षों की सूची जारी




**नन्दकिशोर दास**

बेगूसराय ब्यूरो। बिहार प्रदेश जनता दल यू के निर्देश पर जदयू मीडिया सेल के जिला कार्यकारणी एवं प्रखंड अध्यक्षों की सूची जारी की गई।इसके साथ ही मीडिया सेल जनता दल यू बेगूसराय ने संगठन का विस्तार किया। बेगूसराय जिला जनता दल यू कार्यालय के कपूरी सभागार में मीडिया सेल के जिला अध्यक्ष मोनू पटेल की अध्यक्षता में कमिटी विस्तार की की गई। जिसमें मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष रूदल राय एवं जिला संगठन प्रभारी शिवनंदन सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला जदयू प्रवक्ता अरुण कुमार महतो ने किया। बैठक में मीडिया सेल संगठन का विस्तार किया गया। वहीं जिले में 17 प्रखंड अध्यक्ष, एक महानगर अध्यक्ष, 05 उपाध्यक्ष,09 महासचिव,10 सचिव समेत एक कार्यालय प्रभारी के रूप में मनोनीत किया गया। मीडिया सेल के जिला अध्यक्ष मोनू पटेल ने कहा कि महानगर अध्यक्ष, सभी मीडिया सेल प्रखंड अध्यक्ष एवं सम्मानित मीडिया सेल पदाधिकारी को बधाई है। हमें आशा और पूर्ण विश्वास है कि अपने दायित्वों को निष्ठापूर्वक निर्वाहन करेंगे और पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करेंगे। जिलाध्यक्ष रूदल राय ने कहा कि मुख्यमंत्री के जन कल्याणकारी योजनाओं को मीडिया सेल के साथी अंतिम पायदान के लोगों तक पहुंचाने का काम करेंगे। जिला संगठन प्रभारी शिवनंदन सिंह ने कहा कि आज की पीढ़ी सोशल मीडिया पर ज्यादा सक्रिय रहती है। तमाम साथी इसमें सक्रिय भूमिका निभाएंगे।जदयू जिला प्रवक्ता अरुण कुमार महतो ने कहा कि हमारी पार्टी जनता दल यू का अपना बेब पोर्टल है, फेसबुक है, यूट्यूब मीडिया है, एक्स मीडिया है, इंस्टाग्राम अकाउंट है। पार्टी के साथियों का काम है फॉलो करना, लाइक करना और विरोधियों को उसी की भाषा में जबाब देना है। कार्यक्रम को विधानसभा प्रभारी अजय मंडल, धीरेंद्र कुमार सिंह, परशुराम पारस, अरुण सहनी, प्रदेश मीडिया महासचिव अर्चना कुमारी, प्रदेश महासचिव विकास कुशवाहा, युवाध्यक्ष पंकज राय, किसान अध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह, महिला अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, अल्पसंख्यक अध्यक्ष मो सरफराज आलम, अतिपिछड़ा अध्यक्ष सीताराम ठाकुर, जदयू नेत्री मोनिका कुमारी, गंगा यादव, देव कुमार, रामनरेश सिंह, मनोज दास, अबध शर्मा, विनीत पासवान ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएचसी में दिव्यांगता जांच के लिए विशेष शिविर का आयोजन



**प्रियंका कुमारी**

बखरी, बेगूसराय। प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बखरी परिसर में शनिवार को दिव्यांगता जांच के लिए एक दिवसीय विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 31 लोगों का मेडिकल जांच हुई। जिसमें 30 नए और 1 पुराने मरीज शामिल थे। शिविर का उद्देश्य दिव्यांगता से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना तथा सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना था। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा विभिन्न प्रकार की शारीरिक अक्षमताओं की जांच की गई। जांच उपरांत आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया पूरी कर प्रमाणपत्र निर्गत किए जाने की दिशा में कार्य किया गया। पीएचसी प्रभारी डॉ. दीपक कुमार सिंह ने बताया कि इस तरह के शिविरों से समाज के उन वर्गों को मदद मिलती है, जो सामान्यतः इलाज और प्रमाण पत्र से वंचित रह जाते हैं। विभाग का प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाए। जिससे वे सरकार की योजनाओं का लाभ ले सकें।शिविर में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों की भी सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सामाजिक कार्यकताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों का भी सहयोग रहा।

### भीम समग्र विकास अभियान को लेकर शिविर का आयोजन



**शकील बेग**

नावकोठी, बेगूसराय। भीम समग्र विकास अभियान के तहत शनिवार को नावकोठी पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। सरकार द्वारा संचालित 22 योजनाओं का लाभ अनुसूचित जाति के सदस्यों तक पहुंचाने के उद्देश्य से सरकारी प्रयास युद्धस्तर पर जारी है। नोडल पदाधिकारी बीईओ अनील कुमार चौधरी ने बताया कि नावकोठी पंचायत के अनुसूचित जाति के लोगों के बीच बिहार सरकार के निदेर्शानुसार कैंप लगाया गया।हर टोला हर परिवार हर सेवा कार्यक्रम के तहत बिजली कनेक्शन, बिल में सुधार, जॉब कार्ड के निर्माण, नल जल योजना हेतु जलापूर्ति, गली नली योजना, कबीर अंत्येष्टि योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, जन्म प्रमाण पत्र, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, सतत जीविकोपार्जन से संबंधित कुल 23 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर पंचायत सचिव सुनील सिंह, किसान सलाहकार श्रवण कुमार, आंगनबाड़ी सेविका पूनम कुमारी, राज कुमारी, आवास सहायक प्रवीण कुमार, उप मुखिया विजय साहनी, वार्ड सदस्य सुधीर रजक, राजा विकास, पर्यवेक्षक कन्हैया कुमार, टोला सेवक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों के याद में जिला कॉंग्रेस कमेटी द्वारा कैंडल मार्च निकला गया

**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद :- मुख्यालय स्थित रमेश चौक पर जिला कॉंग्रेस कमेटी औरंगाबाद के द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों के याद में कैंडल मार्च का आयोजन किया गया कैंडल मार्च में शामिल सभी लोगों ने एक मत से आतंकवादियों के द्वारा किए गए घृणित और कायरतापूर्ण हमले की निंदा किए और संकट की इस घड़ी में पूरे राष्ट्र की जनता आतंकियों के खिलाफ है और सरकार से अपील करते हैं कि आज समय की मांग है कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़े और सभी मृतकों के परिवार के साथ सरकार को साथ देने की मांग करते हैं , कैंडल मार्च का नेतृत्व जिला कॉंग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष श्री महेन्द्र यादव ने किया। कैंडल मार्च में श्री मृत्युंजय सिंह धीरेन्द्र कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, अभिषेक प्रताप सिंह, चुलबुल सिंह. राशिद अली खान, अरविंद सिंह ,उदय पासवान, बबलू सिंह, शैलेन्द्र मिश्रा इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### मुफ्फसिल थाना अंतर्गत 06 घंटे के अंदर हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**



औरंगाबाद :- जिले के मुफ्फसिल थानाध्यक्ष को सूचना मिलि कि ग्राम-मेघराज बिगहा में एक परिवार के दो पक्षों के बीच घरेलू विवाद को लेकर मारपीट की घटना घटित हुई हैं। जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु औरंगाबाद पुलिस द्वारा तत्क्षण घटनास्थल पर पहुंचकर उक्त जख्मी व्यक्ति को ईलाज हेतु सदर अस्पताल औरंगाबाद भेजा गया तत्पश्चात आस-पास के लोगों का बयान दर्ज किया गया तथा उक्त घायल व्यक्ति की ईलाज के क्रम में मृत्यु हो गई। इस संदर्भ में मुफ्फसिल थाना कांड संख्या-149/25, दिनांक-25.04.2025 में सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। तत्काल FSL टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद के द्वारा अनु०पु०पदा० सदर-01 के नेतृत्व में एक स्क्ब्ठ का गठन कर कांड में संलिप्त अभियुक्तों की अविलम्ब गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। गठित स्क्ब्ठ के द्वारा आसूचना संकलन, ह्यूमन इनटेलीजेन्स तकनीकी अनुसंधान के आधार पर विशेष छापामारी अभियान चलाकर घटना में संलिप्त 01 अभियुक्त को 06 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार किया एवं अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि मैंनें आपसी विवाद व रंजिश में अपने अन्य भाईयों एवं परिवारजनों के साथ मिलकर लाठी एवं डंडा से मिश्री चौधरी का सिर पीट-पीट कर फोड़ दिया जिससे उनकी मृत्यु हो गई। उक्त गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा हैं। कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों के विरूद्ध लगातार छापामारी की जा रही है जल्द ही

# जिला पदाधिकारी के द्वारा में डा. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान शिविर एवं महिला संवाद कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया

**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद :- जिला पदाधिकारी के द्वारा जिले में आयोजित डा. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान शिविर एवं महिला संवाद कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम ओबरा प्रखंड के बभण्डीहा पंचायत अंतर्गत कोराइपुर गांव में आयोजित डा. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान शिविर का निरीक्षण किया गया. जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा शिविर में उपस्थित शिविर प्रभारी से अब तक कुल प्राप्त आवेदनों का अवलोकन किया गया प्राप्त आवेदन में अधिकांशतः राशन कार्ड, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र,आधार कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना,हर घर नल जल योजना एवं नाली गली योजना से संबंधित पाया गया। सभी प्राप्त आवेदनों को पोर्टल पर अपलोड करते हुए संबंधित पदाधिकारी को आवेदन ऑन द स्पॉट निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि एक महिला द्वारा 04 महीना पहले राशन कार्ड हेतु अप्लाई किया गया था लेकिन अब तक राशन कार्ड न बनने पर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए आज ही राशन कार्ड बनाने का निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा आयोजित शिविर में रानी कुमारी, रवि कुमार एवं अन्य आवेदक को जन्म प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त शिविर में उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि मध्य विद्यालय कोराइपुर में प्रधानाध्यापक विनय कुमार के द्वारा छात्रों का नामांकन नहीं किया जा रहा है। जिस पर जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा तुरंत स्कूल पहुंचकर प्रधानाध्यापक को फटकार लगाते हुए छात्र एवं छात्राओं का नामांकन करवाया गया। जिला




पदाधिकारी महोदय द्वारा नामांकन में कोताही बरतने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी से दूरभाष पर बात कर मध्य विद्यालय कोराइपुर के प्रधानाध्यापक विनय कुमार को स्पष्टीकरण करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा ओबरा प्रखंड के अभिलौना पंचायत अंतर्गत प्रेम बिगहा गांव में आयोजित डा. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान शिविर का निरीक्षण कर शिविर में प्राप्त आवेदनों को संबंधित पदाधिकारी को ऑन द स्पॉट निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा ओबरा प्रखंड के कारा में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में भाग लिया गया. संवाद कार्यक्रम के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा एलइडी टीवी रथ पर चल रहे सरकार के योजनाओं से महिलाओं को रूबरू कराये एवं सभी महिलाओं को जीविका से जुड़ने का सलाह दिये।उन्होंने बताया कि कहा सरकार जीविका के माध्यम से महिलाओं के रोजगार हेतु बहुत सारी योजनाएं चलाई जा रही है। सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए बहुत सारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, अगर उसका फायदा आपको नहीं मिला हो तो यहां अपनी समस्या को नोट कारयें हम इसका निष्पादन करेंगे। संवाद के क्रम में उपस्थित महिला आरती कुमारी, ग्राम राधे बिगहा,वार्ड नंबर- 10 के द्वारा बताया गया कि उनके घर तक बिजली के खंभा,नाली एवं रोड नहीं है। इसके अतिरिक्त अनीता देवी एवं अन्य महिलाओं के द्वारा भी अपनी समस्याओं जिला पदाधिकारी का समक्ष रखा गया। जिला पदाधिकारी महिला संवाद के क्रम में सभी महिलाओं का समस्या नोट करते हुए यथाशीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया गया।

# राबो हत्याकांड : भाजपा नेता बीएम अमरेश पर ठगी के बाद हत्या का मास्टरमाइंड' का लगा आरोप

**विवादों से रहा है पुराना रिश्ता, ठगी के मामले में उड़ीसा, मुंगेर तथा खगरिया जेल जा चुके हैं बीएम अमरेश**

**दिव्य दिनकर जिला संवाददाता रंजीत विद्यार्थी**

मुंगेर। मुफस्सिल थाना अंतर्गत छोटी महेशपुर निवासी भाजपा नेता बीएम अमरेश पर उड़ीसा सहित अन्य राज्यों में ठगी के आरोप के बाद अब राबो पासवान हत्याकांड में मुख्य मास्टरमाइंड का आरोप लगा है। फिलहाल भाजपा नेता बीएम अमरेश फरार चल रहे हैं। भाजपा नेता बीएम अमरेश का विवादों से पुराना रिश्ता रहा है। ठगी के मामले में उड़ीसा तथा मुंगेर जेल भी जा चुके हैं बीएम अमरेश। अमरेश मुंगेर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर विधायक का चुनाव लड़ने की तमन्ना पाल रखा था। इसके लिए वह लगातार मुंगेर से पटना का चक्कर लगाते रहते थे और अपने घर पर बड़े-बड़े भाजपा नेताओं को बुलाकर सम्मानित और भोज का आयोजन करते थे। जिस दिन राबो पासवान की हत्या हुई, उस दिन आरएसएस (संघ) के एक नेता को अपने घर पर बुलाकर चिकन मटन पार्टी का आयोजन किया था। राजनीतिक सूत्रों से पता चला है कि भाजपा नेता आरएसएस के संपर्क में थे, ताकि उन्हें टिकट मिलने में सहायता मिल सके। बताते चलें कि वर्ष 2015 में खगड़िया जिला में धोखाधड़ी एवं पैसा ठगी के मामले में खगड़िया पुलिस ने उड़ीसा स्थित भाजपा नेता बीएम अमरेश को उड़ीसा पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर खगड़िया जेल भेज दिया था। लगभग दस साल पहले अमरेश ने नौवागढी मे अपने एक ही जमीन को दो अलग अलग लोगों के हाथों बेच दिया था और मोटा रकम एठ लिया था। इसके बाद वर्ष 2023 में उड़ीसा पुलिस ने भाजपा नेता बीएम अमरेश को धोखाधड़ी के मामले में छोटी महेशपुर गांव स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर उड़ीसा ले गई थी। उन पर पैसा ठगी का आरोप था। वर्ष 2024 में मुंगेर शहर के बेकापुर निवासी और जन सुराज पार्टी के नेता छवि सुमन के



एक रिश्तेदार ने मुफस्सिल थाना में धोखाधड़ी एवं पैसा ठगी का आरोप लगाते हुए प्राथमिक की दर्ज कराया था। पुलिस ने इस मामले में गिरफ्तार कर भाजपा नेता बीएम अमरेश को मुंगेर जेल भेज दिया था। जेल से निकलने के बाद बीएम अमरेश उड़ीसा छोड़कर अक्सर नौवागढी स्थित अपने छोटी महेशपुर आवास पर ही रहते थे और चिकन मटन पार्टी सहित कार्यक्रम का आयोजन करते थे। स्थानीय लोगों से पता चला है कि अक्सर भाजपा नेता बीएम अमरेश रात्रि में देर रात्रि तक पार्टी आयोजित कर लोगों को जुटते थे और अपने मधुर वाणी से लोगों को अपने झांसे में लेने का प्रयास करते थे। मृतक रावो पासवान डेढ़ साल पहले जेल से छूटने के बाद सिलहा गांव में शिव मंदिर का निर्माण करा रहा था। जिसमें भाजपा नेता बीएम अमरेश ने 02 लाख 50 हजार रुपए चंदा देने का वादा किया था। मृतक के परिजनों का कहना है कि इसी सिलसिले में राबो पासवान अमरेश के घर आया जाया करता था। लेकिन बीएम अमरेश चंदा की राशि देने में बराबर कोई ना कोई बहाना बनाकर लोगों को टरका देता था। खरवा मनियारचक के लोगों ने बताया कि यहां के दुर्गा मंदिर को तोड़कर बीएम अमरेश ने साउथ इंडियन के तर्ज पर दुर्गा मंदिर बनाने का कार्य शुरू किया था, जो कि पीछले दस साल से अधूरा पड़ा हुआ है। जिसको लेकर लोगो मे खासे नाराजगी देखी जा रही है।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में पैगाम-ए-अमन ने निकाला कैंडल मार्च

**कैंटीन चौक पर तब्दील जनसभा में वक्ताओं ने आतंकवाद को बताया वैश्विक नासूर**

**नन्दकिशोर दास**

बेगूसराय ब्यूरो। पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में बहुचर्चित सामाजिक संस्था पैगाम-ए-अमन ने शुक्रवार की शाम कैंडल मार्च निकालकर आतंकवादी गतिविधियों का न केवल प्रतिकार किया, बल्कि संलिप्त दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की भी मांग की। कैंडल मार्च शुक्रवार की शाम होटल सायोनारा से ट्रैफिक चौक होते हुए नगर थाना चौक से नगरपालिका चौक होते हुए कैंटीन चौक पर सभा में तब्दील हो गया, जहां लोगों ने अपने वक्तव्य के माध्यम से आतंकवादी करतूतों के विरुद्ध जमकर भड़ास निकाली। जिले की सर्वमान्य, बहुचर्चित और सक्रिय सामाजिक संस्था पैगाम-ए-अमन के संरक्षक सह ईश्वर अस्पताल के निदेशक प्रख्यात न्यूरो सर्जन डॉ. संजय कुमार ने आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने मजहब के नाम पर बेगुनाह और बेकसूरों का खून बहाकर नफरत की चिंगारी छोड़ी है।



उनका मकसद साफ था कि हम दहशत फैलाकर हिन्दुस्तान के तानेबाने को तोड़ दें। आतंकवादियों का घिनौना ख्वाब था कि हम एक-दूसरे से लड़े, मरे मारें। लेकिन इस विकट परिस्थिति में हमें अपना होशो हवास नहीं खोना है। हमें शांति, भाईचारे और अमन की राह पर चलकर हिन्दुस्तान की खूबसूरती को बचाए रखना है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद केवल हिंदुस्तान के लिए ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए नासूर बन चुका है। सरकार को सख्ती के साथ इससे निपटने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान का बच्चा-बच्चा सरकार के साथ खड़ा है। डॉ. संजय कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया के इस उन्मादी दौर में सार्वजनिक रूप से कुछ भी कहना एक बड़ी जिम्मेदारी है। सभी को अपने गुस्से का इजहार करते समय इसका खयाल रखना चाहिए। कैंडल मार्च के दौरान जिलेभर के हजारों लोगों ने शहर भ्रमण के दौरान आतंकवाद के विरुद्ध जमकर नारे लगाए। सभी जाति धर्म के लोगों ने समवेत स्वर में सरकार को कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध उठाए गए प्रभावी और निर्णायक फैसले में हर हिन्दुस्तानी सरकार के साथ खड़ा है। मौके पर अध्यक्ष मो. अहसन, पूर्व पीपी मंसूर आलम, संयोजक डॉ. राहुल कुमार, डॉ. जावेद अख्तर, डॉ. बुशरा नजीर, अरुण पासवान, मो. इमरान, नीलमणि बमबम, मो. जीशान, मुखिया महेश राय, अमरजीत राय, मदन कुमार, वरुण कुमार, गुड्डू बाबू, रतन कुमार, राजीव सिंह, शिवजी सिंह, मो. अहमद हुसैन, मो. असगर इमाम, जेपी सिंह, कारी अरमान जामी, मो. असगर हुसैन, मो. सफुरुद्दीन, रवीश कुमार, मौलाना साबिर निजामी, मौलाना फरहान, हाफिज महफूज आलम, डॉ. रजनी वर्णवाल, डॉ. आशीष सुमन, प्रोफेसर प्रभा कुमारी सहित हजारों की संख्या में अमनपसंद लोग मौजूद थे।

# जिला पदाधिकारी के अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति एवं कृषि टास्क फोर्स की बैठक की गई

**रिपोर्ट- प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद :- जिला पदाधिकारी के अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति एवं कृषि टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गई। धान अधिप्राप्ति से संबंधित टास्क फोर्स की बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत विभिन्न समितियों (पैक्स एवं व्यापार मंडलों) द्वारा कुल 237346.223 एम०टी० धान का क्रय किया गया है जिसका समतुल्य एम०टी० सी०एम०आर० राज्य खाद्य निगम को आपूर्ति किया जाना है। दिनांक 24.04.2025 तक 79862. 635 एम०टी० सी०एम०आर० राज्य खाद्य निगम को आपूर्ति किया गया है। सी०एम०आर० आपूर्ति की निर्धारित तिथि 15.06.2025 है। निर्धारित तिथि तक सी०एम०आर० जमा करने हेतु प्रतिदिन 55-60 लॉट सी०एम०आर० का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्धारित तिथि तक शत-प्रतिशत सी०एम०आर० आपूर्ति कराने हेतु सभी मिलरों को ट्रकों की संख्या एवं जी०पी०एस० की संख्या बढ़ाने का




निर्देश दिया गया है। उक्त बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर डीसीएलआर श्री श्वेतांक लाल, जिला कृषि पदाधिकारी रामेईश्वर प्रसाद, जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार चौधरी एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### आतंकवादी घटना को भारत के नागरिक कभी नहीं करेंगे बर्दाश्तः कन्हैया कुमार

**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंझौल नगर इकाई के द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के विरुद्ध निकाला आक्रोश मार्च**




**नन्दकिशोर दास**

बेगूसराय ब्यूरो। शुक्रवार की देर शाम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंझौल नगर इकाई के द्वारा जिला सहसंयोजक रवि कुमार के नेतृत्व में पहलगाम आतंकी हमले के विरुद्ध युवाओं के साथ कैंडल मार्च के रूप में आक्रोश मार्च निकाला गया। छात्र नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि पहलगाम में साजिश कर पाकिस्तान धर्म विरोधी घटना को अंजाम दिया है। हमारी माँ-बहन को विधवा करने का प्रयास किया है, इसे देशवासी बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह काफी शर्मनाक है।भारत सरकार से विद्यार्थी परिषद मांग करती है कि पाकिस्तान के धर्म विरोधी सोच को पदार्फाश राष्ट्र के पटल पर करने का काम करें। साथ ही आतंकवाद के गढ़ में घुसकर नश्तानाबूत करने के लिए आवश्यक कार्रवाई जल्द करें। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अमृतांशु एवं नगर उपाध्यक्ष संजय ने कहा कि जम्मू कश्मीर में जो घटना घटी है, इससे पूरा देश आक्रोश में है, मर्माहत में है। ऐसी घटना करनेवाले आतंकवादियों को जल्द-से-जल्द मुंहतोड़ जवाब देनी चाहिए। जिससे देश के नागरिकों की जो जान गई है, उन सभी परिवार वालों को न्याय मिले। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमित कुमार सिंह गप्पू, कन्हैया व अमन ने कहा कि जबतक सरकार व हम देशवासी मिलकर इस आतंकवाद को पालने वाले पाकिस्तान को सबक नहीं सिखाएंगे, तबतक हम सभी देशवासी उस मृत आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि देने में कामयाब नहीं होंगे। इसके लिए हम सभी भारतवासी एवं सरकार इस आतंकवादी के खिलाफ मिलकर सामना करेंगे। जिससे हमारा देश एक शक्ति के रूप में राष्ट्र के अंदर उभरता हुआ आनेवाले दिनों में सितारा कहलाएगा। आनंद, प्रिंस व दीपक ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के द्वारा मंझौल शताब्दी मैदान से लेकर नित्यानंद चौक होते हुए शहीद मेजर मुकेश से लेकर सत्यारा चौक तक मसाल जुलूस एवं कैंडल मार्च निकाला गया। इसी दौरान कैंडल मार्च समाप्त होने के बाद एसएच 55 पर युवाओं के द्वारा आक्रोश मार्च भी निकालते हुए नारेबाजी करते पाकिस्तान को इस नापाक हरकत करने के लिए चेतावनी दी गई। मौके पर प्रेम, उमन, अमन, विक्की, हिमांशु, गौरव, सौरभ, रवि, शिवम, सत्यम, सिम्मी सिंह, नगर अध्यक्ष अविनाश कुमार, जिला प्रमुख रविराज सिंह, जिला मीडिया प्रमुख, दिव्यांशु उर्फ दीपू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमित कुमार सिंह गप्पू, अनुराग, लोकेश जैसवाल, रामलगन यादव, प्रदीप यादव, सनी, आनंद, रौशन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मिडिल स्कूल सरेया में कबड्डी, दौड़ और लॉन्ग जंप में दिखा जोश



**रिपोर्ट - अमरेन्द्र कुमार सिंह**

गोह( औरंगाबाद)गोह प्रखंड के मिडिल स्कूल सरेया में एक भव्य मशाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अंडर-14 और अंडर-16 आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं ने कबड्डी, दौड़ और लॉन्ग जंप जैसे खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन ने स्कूल में खेल भावना और प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने मशाल प्रज्वलन कर किया। शारीरिक शिक्षक बिंदेश्वरी सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सहायक शिक्षकों – रूबी चौधरी, कमलेश कुमार, नीतू सिंह, राजाराम कुमार, अरविंद कुमार, सरोज कुमारी और प्रिया गुप्ता – ने सक्रिय भूमिका निभाई। खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. अमित कुमार (PT) ने बखूबी संभाला। कबड्डी में छात्र-छात्राओं ने दमदार प्रदर्शन किया, जबकि दौड़ प्रतियोगिता में मैदान पर उत्साह और तेजी का शानदार नजारा देखने को मिला। लॉन्ग जंप में प्रतिभागियों ने अपनी कूद की क्षमता से सभी को प्रभावित किया। प्रत्येक स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने कहा, यह प्रतियोगिता न केवल खेल प्रतिभा को निखारती है, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास जैसे मूल्यों को भी मजबूत करती है। सभी प्रतिभागियों और शिक्षकों का योगदान सराहनीय है।

शारीरिक शिक्षक बिंदेश्वरी सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। वहीं, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. अमित कुमार ने खिलाड़ियों को चोट से बचाव तथा बेहतर प्रदर्शन के लिए उपयोगी सुझाव भी दिए। कार्यक्रम में स्थानीय अभिभावकों और ग्रामवासियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और छात्रों का मनोबल बढ़ाया।

## एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने लोन दर 0.25 फीसदी घटाया

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** आवास ऋण देने वाली कंपनी एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने अपनी होम लोन दर में 0.25 फीसदी की कटौती करने की घोषणा की है। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के नीतिगत दर रेपो रेट में कटौती के बाद यह कदम उठाया है। नई दरें 28 अप्रैल से लागू होंगी। देश की सबसे बड़ी हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों में से एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने जारी एक बयान में कहा कि यह परिवर्तन विभिन्न होम लोन योजनाओं पर लागू होगा, जिसमें न्यू फिक्स्ड 10 योजना भी शामिल है। एलआईसी हाउसिंग प्राइम लेंडिंग रेट (एलएचपीएलआर) में यह कटौती मौजूदा और नए उधारकर्ताओं दोनों को लाभान्वित करेगी, क्योंकि इससे होम लोन ज्यादा किफायती हो जाएगा। कंपनी के मुताबिक संशोधित ब्याज दरें अब 8 फीसदी से शुरू होंगी, जो 28 अप्रैल से लागू होंगी। एलएचपीएलआर सभी प्रकार के ऋणों पर ब्याज दरों को निर्धारित करने के लिए बेंचमार्क दर के रूप में कार्य करता है। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एलआईसी एचएफएल) भारत की सबसे बड़ी हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों में से एक है, जो एलआईसी की सहायक कंपनी है। ये कंपनी मुख्य रूप से लोगों को आवास ऋण प्रदान करती है, जो आवासीय घर यानी फ्लैट खरीदने या बनाने के लिए वित्तपोषण चाहते हैं।

## मूंगफली के बम्पर उत्पादन का असर, मूंगफली तेल का भाव 4 साल में सबसे कम

**राजराजकोट।** राज्य में इस साल मूंगफली के बम्पर उत्पादन का असर मूंगफली के तेल की कीमत पर हुआ है। गुजरात में कपासिया तेल के बाद सबसे अधिक मूंगफली के तेल का इस्तेमाल खाद्य तेल के रूप में किया जाता है। इस साल गुजरात में मूंगफली का उत्पादन रिकॉर्ड 50 लाख टन से अधिक हुआ है। इसके कारण मूंगफली तेल का भाव पिछले 4 साल में सबसे कम हो गया है। गुजरात में 15 किलो मूंगफली तेल का डिब्बा अब 2300 रुपये से लेकर 2370 रुपये बिक रहा है। इससे गृहणियों को बड़ी राहत हुई है। लगातार तीन दिनों में मूंगफली के तेल की कीमत में गिरावट दर्ज की जा रही है। इन तीन दिनों में 15 किलो के डिब्बे पर 40 रुपये कीमत नीचे आई है। दिवाली से अभी तक की कीमत में 15 किलो पर 250 रुपये से लेकर 300 रुपये की गिरावट दर्ज की गई है। भाव गिरने का मुख्य कारण इस साल मूंगफली की बम्पर उपज होना है। जानकारी के अनुसार राजकोट के अलावा पूरे सौराष्ट्र में मूंगफली तेल की सर्वाधिक खपत है। राजकोट यूनिवर्सिटी रोड पर स्थित भावेश ऑयल एजेंसी के व्यापारी भावेश भाई के अनुसार हाल ऑफ सीजन के कारण मूंगफली तेल की कीमत गिरी है। मूंगफली तेल के 15 लीटर के डिब्बे की कीमत 2300 रुपये के आसपास है। यह भाव पिछले 4 साल में सबसे कम है। दूसरी बड़ी वजह है कि मूंगफली तेल का निर्यात अभी घट गया है।

## ईएसआई योजना के तहत फरवरी में जोड़े गए 15.43 लाख नए कर्मचारी

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) योजना के तहत फरवरी में कुल 15.43 लाख नए कर्मचारी जोड़े गए हैं। इसके अलावा फरवरी, 2025 में 23,526 नए प्रतिष्ठानों को ईएसआई योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ईएसआईसी की जारी अनंतिम पेरोल आंकड़ों के मुताबिक फरवरी, 2025 में 15.43 लाख नए कर्मचारी जोड़े गए हैं। मुताबिक फरवरी, 2025 के महीने में 23,526 नए प्रतिष्ठानों को ईएसआई योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया है, जिससे अधिक श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। आंकड़ों के मुताबिक फरवरी माह के दौरान ईएसआईसी योजना के तहत जोड़े गए कुल 15.43 लाख कर्मचारियों में से 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के 7.36 लाख कर्मचारी, जो कुल पंजीकरण का लगभग 47.7 फीसदी है। पेरोल आंकड़ों का लिंग-वार विश्लेषण यह दर्शाता है कि फरवरी, 2025 में महिला सदस्यों का शुद्ध नामांकन 3.35 लाख रहा है। इसके अलावा फरवरी, 2025 में ईएसआई योजना के तहत कुल 74 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने भी पंजीकरण कराया है, जो समाज के हर वर्ग को अपने लाभ पहुंचाने की कर्मचारी राज्य बीमा निगम की प्रतिबद्धता को प्रमाणित करता है।

## केयर्न ने केजी बेसिन में अन्वेषण के लिए ईएमजीएस के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** तेल एवं गैस क्षेत्र की प्रमुख कंपनी केयर्न ऑयल एंड गैस ने कृष्णा-गोदावरी (केजी) बेसिन में गहरे पानी में हाइड्रोकार्बन की खोज के लिए नॉर्वे की इलेक्ट्रोमैग्नेटिक जियोसर्विसेज (ईएमजीएस) के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने बयान जारी कर बताया कि यह साझेदारी केयर्न के पूर्वी तट स्थित अपतटीय ब्लॉक केजीडीडब्ल्यूएचपी-2017/1 में 3डी कंट्रोल्ड सोर्स इलेक्ट्रोमैग्नेटिक सर्वेक्षण कराने के लिए की गई है। यह तकनीक उपसतही प्रतिरोधकता को मैप करके हाइड्रोकार्बन की पहचान की सटीकता बढ़ाने में मदद करती है। ईएमजीएस का पोत 'अटलांटिक गार्जियन' इस समय ÷डीप ब्लू÷ स्रोत प्रणाली का उपयोग करके सर्वेक्षण के लिए डेटा एकत्र कर रहा है। यह डेटा हाल ही में पुनः संसाधित 3डी भूकंपीय (सीस्मिक) डेटा के साथ मिलाकर केजी ब्लॉक में संभावनाओं की पहचान करने, उन्हें प्राथमिकता देने और उपसतही मॉडल को और अधिक सटीक बनाने में मदद करेगा।

# दक्षिण कोरिया ने अमेरिका से टैरिफ पर मांगी छूट, जुलाई तक इंतजार करने को तैयार

**एजेंसी**
**वाशिंगटन।** दक्षिण कोरिया के उप प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री चोई सांग-मोक और व्यापार, उद्योग एवं ऊर्जा मंत्री आह्न डुक-ग्यून टैरिफ पर चर्चा के लिए अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन पहुंचे हैं। दक्षिण कोरिया के व्यापार, उद्योग और ऊर्जा मंत्रालय ने कहा है कि अमेरिका के पारस्परिक और क्षेत्र विशेष विशिष्ट टैरिफ उपायों से छूट देने का अनुरोध किया गया है। दक्षिण कोरिया इस मुद्दे पर जुलाई तक इंतजार करने पर सहमत हो गया है। द कोरिया टाइम्स अखबार की खबर के अनुसार, दोनों मंत्रियों ने वाशिंगटन में अमेरिकी वित्त और व्यापार अधिकारियों के बीच व्यापार वार्ता की। इस वार्ता में अमेरिकी वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमीसन ग्रीर ने डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के पारस्परिक




टैरिफ लगाने के बाद व्यापार विचार-विमर्श किया। इस वार्ता के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में चोई ने बताया कि उन्होंने अमेरिका के लिए प्रमुख रुचि वाले क्षेत्रों जैसे व्यापार, निवेश, जहाज निर्माण और ऊर्जा पर सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अमेरिकी टैरिफ दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। यह टैरिफ खासकर ऑटोमोटिव क्षेत्र के लिए निराशाजनक है। चोई ने कहा कि हमने स्पष्ट किया कि हमें शांत और व्यवस्थित वार्ता की आवश्यकता है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल के निष्कासन के बाद नेतृत्व परिवर्तन और तीन जून को होने वाले आगामी राष्ट्रपति चुनाव का जिक्र किया। वार्ता में दोनों पक्षों में इस बात पर सहमति हुई कि दक्षिण कोरिया आठ जुलाई से पहले टैरिफ हटाने के लिए 'जुलाई पैकेज' तैयार करेगा। चोई ने कहा कि इस दौरान टैरिफ और गैरटैरिफ उपाय, आर्थिक सुरक्षा, निवेश सहयोग और विदेशी मुद्रा नीति पर चर्चा हुई।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.31 अरब डॉलर बढ़कर 686.14 अरब डॉलर पर



**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 18 अप्रैल को समाप्त हफ्ते में 8.31 अरब डॉलर बढ़कर 686.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे पिछले हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार 1.57 अरब डॉलर बढ़कर 677.83 अरब डॉलर हो गया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने आंकड़ों के मुताबिक 18 अप्रैल को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.52 अरब डॉलर बढ़कर 578.49 अरब डॉलर पर पहुंच गई है। इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 4.57 अरब डॉलर बढ़कर 84.57 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 21.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.57 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 70 लाख डॉलर बढ़कर 4.51 अरब डॉलर हो गया।सितंबर, 2024 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

# सीमा पर तनाव से शेयर बाजार में तेज गिरावट, दिन के दूसरे सत्र में खरीदारी से सुधरे हालात

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बने तनाव के माहौल की वजह से आज घरेलू शेयर बाजार तेज गिरावट का शिकार हो गया। दिन के पहले सत्र में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक 1.5 प्रतिशत से अधिक टूट गए। हालांकि, दिन के दूसरे सत्र में खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाया, जिसकी वजह से शेयर बाजार की स्थिति में कुछ सुधार भी हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.74 प्रतिशत और निफ्टी 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान रियल्टी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। इसी तरह एनर्जी, ऑटोमोबाइल, मेटल, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस और टेक इंडेक्स भी कमजोरी के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, बीएसई और एनएसई में आज सिर्फ आईटी सेक्टर में मजबूती नजर आई। निफ्टी का आईटी इंडेक्स आज 0.72 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ।



ब्रॉडर मार्केट में भी आज बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 2.44 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब पौने नौ लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 420.83 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 429.63 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 8.80 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

# ईपीएफओ ने नौकरी बदलने पर पीएफ खाता की स्थानांतरण प्रक्रिया को बनाया आसान

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने नौकरी बदलने पर पीएफ खाता स्थानांतरित करने की प्रक्रिया को सरल बना दिया है। इसके लिए ईपीएफओ ने एक नया फॉर्म-13 सॉफ्टवेयर फंक्शनलिटी लॉन्च किया है, जिससे नए खाते में फंड ट्रांसफर करने में तेजी आएगी। इससे अब अधिकांश मामलों में नियोक्ता से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होगी।

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ ने नौकरी बदलने पर पीएफ खाते के ट्रांसफर की प्रक्रिया को और सरल बनाने से 1.25 करोड़ से अधिक सदस्यों को लाभ मिलने की उम्मीद है, जिससे प्रति वर्ष लगभग 90 हजार करोड़ रुपये का अंतरण हो सकेगा, क्योंकि सम्पूर्ण हस्तांतरण प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। मंत्रालय के मुताबिक अब तक भविष्य निधि (पीएफ) जमा के स्थानांतरण में दो कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) कार्यालय शामिल होते थे। इनमें एक स्रोत




कार्यालय, जहां से पीएफ राशि को स्थानांतरित किया जाता था और दूसरा गंतव्य कार्यालय, जहां अंतिम रूप से राशि जमा की जाती थी।इस प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाने के उद्देश्य से ईपीएफओ ने एक संशोधित फॉर्म 13 सॉफ्टवेयर कार्यक्षमता शुरू करके गंतव्य कार्यालय में सभी अंतरण दावों के अनुमोदन की जरूरत को हटा दिया है। यह संशोधित कार्यक्षमता फॉर्म पीएफ संचय के कर योग्य और गैर-कर योग्य घटकों का विभाजन भी प्रदान करती है, जिससे कर योग्य पीएफ ब्याज पर टीडीएस की सटीक गणना की जा सके।

# सरकार ने जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरणों के लिए नियम किए अधिसूचित

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने माल एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) (प्रक्रिया) नियमों को अधिसूचित कर दिया है। इसमें आवेदनों की अनिवार्य ई-फाइलिंग और मिले-जुले ढंग से सुनवाई का प्रावधान किया गया है। अधिसूचना के अनुसार यह नियम 24 अप्रैल से प्रभावी हो गया है। वित्त मंत्रालय ने देश में कर-संबंधी विवादों को सुलझाने की प्रक्रिया को कारगर बनाने और अप्रत्यक्ष कर विवादों के निपटारे में उद्योग जगत को बहुत जरूरी राहत प्रदान करने वाले एक कदम के तहत जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 2025 को अधिसूचित किया है। इस अधिसूचना में कहा गया है कि यह नियम 24 अप्रैल, 2025 को प्रभावी हो गए हैं। मंत्रालय के मुताबिक वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) ढांचे के हिस्से के रूप में माल और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी)




(प्रक्रिया) नियमों को अधिसूचित किया गया है, जो ऑनलाइन फाइलिंग, हाइब्रिड सुनवाई और मामलों को तत्काल आधार पर सूचीबद्ध करने की अनुमति देते हैं। इन नियमों में यह भी प्रावधान है कि अगर आवेदक दोपहर 12 बजे से पहले कोई अत्यावश्यक मामला दायर करता है और यदि आवेदन सभी मामलों में पूर्ण है, तो उसे अगले कार्य दिवस ही अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा।

मंत्रालय के मुताबिक कुछ अपवादों में अपीलीय न्यायाधिकरण या अध्यक्ष की विशेष अनुमति से दोपहर 12 बजे के बाद लेकिन दोपहर तीन बजे से पहले किए गए आवेदन को अगले दिन सूचीबद्ध किया जा सकता है। जीएसटी से संबंधित विवादों को सुलझाने के लिए एक महत्वपूर्ण निकाय जीएसटीएटी की पीठें सुबह 10:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक और दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक बैठेंगी। ये कार्य अवधि अध्यक्ष के किसी भी आदेश के अधीन होंगी।

अधिसूचना के मुताबिक माल और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 2025 के अनुसार अपीलीय न्यायाधिकरण के प्रशासनिक कार्यालय सभी कार्य दिवसों में सुबह 9:30 बजे से शाम छह बजे तक खुले रहेंगे। सरकार ने पिछले साल मई में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) संजय कुमार मिश्रा को जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) का पहला अध्यक्ष बनाया था।

## मारुति सुजुकी का मुनाफा मार्च तिमाही में एक फीसदी घटकर 3,911 करोड़ रुपये

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2025 को समाप्त जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का मुनाफा एक फीसदी घटकर 3,911 करोड़ रुपये रहा है। मारुति सुजुकी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्रति शेयर 135 रुपये का अंतिम डिविडेंड भी घोषित किया है। मारुति सुजुकी इंडिया ने शेयर बाजार नियामकीय फाइलिंग में बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ एक फीसदी घटकर 3,911 करोड़ रुपये रह गया है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 3,952 करोड़ रुपये था। कंपनी ने प्रति शेयर 135 रुपये का अंतिम डिविडेंड भी घोषित किया है। हालांकि, कंपनी का राजस्?व जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान 6.37 फीसदी बढ़कर 40,920.1 करोड़ रुपये हो गया, जबकि इससे पिछले वित्?त वर्ष की इसी तिमाही में यह 38,471.2 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी के मुताबिक जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान मारुति सुजुकी इंडिया का कुल खर्च सालाना आधार पर 8.55 फीसदी बढ़कर 37,585.5 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में उसने सबसे ज्यादा वार्षिक कुल बिक्री और निर्यात भी दर्ज किया। इसके अलावा कंपनी लगातार चौथे साल शीर्ष निर्यातक बनी रही, जो अब भारत से कुल यात्री वाहन निर्यात में लगभग 43 फीसदी का योगदान देती है।

# आर्थिक विकास में आईआरएस अधिकारियों की भूमिका अहम: पंकज चौधरी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने आंध्र प्रदेश के पालसमुद्रम् स्थित राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नार्कोटिक्स अकादमी में 25 पुरुष और 17 महिला अधिकारियों सहित 42 भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क एवं अप्रत्यक्ष कर) अधिकारी प्रशिक्षुओं के 75वें बैच की पासिंग आउट परेड की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने आईआरएस अधिकारियों की भूमिका को अहम बताया। चौधरी ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी ईमानदारी, निष्ठा और दक्षता के साथ राष्ट्र की आर्थिक प्रगति और राजस्व प्रणाली को सशक्त बनाएंगे। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि इस अवसर पर वित्त राज्यमंत्री चौधरी ने बैच की उपलब्धियों की सराहना की



और पारदर्शी तथा जवाबदेह कर प्रणाली के निर्माण में उनकी जिम्मेदारी पर जोर दिया। चौधरी ने आर्थिक विकास में आईआरएस अधिकारियों की भूमिका को रेखांकित किया और उनसे साहस और स्पष्टता के साथ नेतृत्व करने का आग्रह किया। उन्?होंने आर्थिक प्रगति और सामाजिक समानता को बढ़ावा देकर सरकार के विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने की उनकी क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया।इस अवसर पर सीबीआईसी के अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने अपने संबोधन में 75वें बैच के अधिकारियों को बधाई दी। उन्?होंने राजस्व जुटाने, व्यापार सुविधा और राष्ट्रीय विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और उनसे अपडेट रहने, ईमानदारी बनाए रखने और कुशलतापूर्वक सेवा करने के लिए डिजिटल परिवर्तन को अपनाने का आग्रह भी किया। अग्रवाल ने अधिकारियों से प्रवर्तन और सुविधा के बीच संतुलन बनाने का आग्रह किया और अधिकारियों को सहानुभूति, आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ नेतृत्व करने को प्रोत्साहित किया।

# सीबीआईसी ने हवाई परिवहन के लिए कंटेनरों के आयात की प्रक्रिया को सरल बनाया

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने हवाई मालवहन में इस्तेमाल होने वाले कंटेनरों (यूएलडी) के अस्थाई आयात की प्रक्रिया को सरल बना दिया है। यूनिट लोड डिवाइस (यूएलडी) कंटेनर का उपयोग विमान पर यात्रियों एवं कार्गो सामान लादने और उसे सुरक्षित करने के लिए किया जाता है। इस कदम से कारोबारी सुगमता को बढ़ावा मिलेगा। वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने यूनिट लोड डिवाइस (यूएलडी) या एयर कंटेनरों के अस्थायी आयात के लिए प्रक्रिया को सरल और सुसंगत बना दिया है। इसके अलावा सीबीआईसी ने 24 अप्रैल से सभी ट्रांसशिपमेंट मूवमेंट के लिए



ट्रांसशिपमेंट परमिट शुल्क को माफ करने का भी निर्णय लिया है। यह कदम व्यापार को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। मंत्रालय के मुताबिक इस संबंध में अधिसूचना संख्या 30/2025-सीयूएस (एनटी) दिनांक 24 अप्रैल 2025 https://www.cbic.gov.in/f2d0927b-945d-411c-8c34-65d272a6d047 के माध्यम से विनियमों में परिवर्तन जारी किए गए हैं। सीबीआईसी ने उच्च मूल्य एवं जल्दी खराब होने वाले बागवानी उत्पादों सहित एयर कार्गो के लिए बुनियादी ढांचे और गोदाम के विकास की सुविधा और कार्गो स्क्रीनिंग और सीमा शुल्क प्रोटोकॉल को सुव्यवस्थित करने और इसे उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाने के लिए विशेष रूप से एयर कार्गो और सामान्य रूप से ट्रांसशिपमेंट मूवमेंट में कई व्यापार सुविधाजनक उपाय लागू किए हैं। गौरतलब है कि केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंदीय बजट 2025-26 में इसकी घोषणा की थी।

## ट्राई अध्यक्ष लाहोटी का धोखाधड़ी वाले काल,संदेशों से निपटने में अन्य विनियाकों के सहयोग पर बल

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विनिमायक प्राधिकरण (ट्राई) के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी ने नागरिकों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों के लिए असुविधा पैदा करने वाले तथा धोखाधड़ी करने वाले स्पैम संदेशों और कॉलों से निपटने के लिए एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाए जाने की जरूरत पर बल दिया है। श्री लाहोटी शुक्रवार को यहां ट्राई के मुख्यालय पर विभिन्न क्षेत्र के विनियामकों की संयुक्त समिति (जेसीओआर) की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बैठक के उद्घाटन भाषण में स्पैम संदेशों और धोखाधड़ी के लिए की जाने वाली काल के इस संबंध में जेसीओआर द्वारा की गई प्रगति तथा भविष्य की चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया। दूरसंचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में विभिन्न क्षेत्रों के बीच विनियामक सहयोग की आवश्यकता वाले मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इसमें अवांछित वाणिज्यिक संचार (यूसीसी)/स्पैम और धोखाधड़ी वाले संचार से निपटने सहित सहयोगात्मक उपायों को तय किया गया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि व्हाट्सऐप जैसे ओवर दी टॉप (ओटीटी) और आरसीएस (रिच कम्यूनिकेशन सिर्विसेज) संचार प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्पैम और घोटाले के मुद्दे पर चर्चा की गई।

# सरकार देशभर में ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहर विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध : राजू श्रीनिवास वर्मा

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय भारी उद्योग, सार्वजनिक उद्यम और इस्पात राज्यमंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा ने शनिवार को कहा कि सरकार देशभर में अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहरों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। वर्मा ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही, जहां राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआईसीडीसी) को उद्योग विकास पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूरे भारत में अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहरों के विकास के लिए केंद्र सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता के बारे में बताया।अपने संबोधन के दौरान वर्मा ने केरल के पलक्कड़ में एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर (आईएमसी) की परिवर्तनकारी क्षमता की सराहना की और कहा कि यह परियोजना केरल और देश के व्यापक दक्षिणी क्षेत्र के बुनियादी ढांचे और औद्योगिक परिदृश्य को नया आकार देने के लिए तैयार है। इस कार्यक्रम में भारत के लॉजिस्टिक्स पारिस्थितिकी तंत्र को बदलने में एनएलडीएसल के योगदान को भी प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम पर केंद्रित एक तकनीकी सत्र भी शामिल था जिसमें आगामी पलक्कड़ औद्योगिक स्मार्ट सिटी की रणनीतिक दृष्टि, योजना और प्रगति के बारे में गहन जानकारी दी गई। एनआईसीडीसी लॉजिस्टिक्स डेटा सर्विसेज लिमिटेड द्वारा एक समर्पित सत्र में लॉजिस्टिक्स डेटा बैंक और यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म के माध्यम से तैनात किए जा रहे अभिनव डिजिटल समाधानों के बारे में विस्तार से बताया गया। पुडुसेरी मध्य, पुडुसेरी पश्चिम और कन्नम्बरा में 1,710 एकड़ में फैला पलक्कड़ औद्योगिक स्मार्ट सिटी केरल के औद्योगिक विकास में एक प्रमुख मील का पत्थर है। पलक्कड़ शहर से 21 किमी, कोचीन से 120 किमी और कोयंबटूर से 50 किमी दूर रणनीतिक रूप से स्थित यह परियोजना निर्बाध अंतरराज्यीय संपर्क और महत्वपूर्ण लॉजिस्टिक लाभ मुहैया कराती है। इसे सड़क, रेल और हवाई मार्ग से अच्छी तरह से मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के साथ शहर को उच्च गुणवत्ता वाले निवेश को आकर्षित करने और क्षेत्रीय रोजगार तथा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है।

**परियोजना की प्रमुख उपलब्धियां-**

-आवश्यक भूमि का 81 फीसदी हिस्सा पहले से ही कब्जे में है।

- सभी भूमि खंडों के लिए पर्यावरणीय मंजूरी 01 जनवरी, 2025 को प्रदान कर दी गई हैं।

-परियोजना प्रबंधन और निर्माण परामर्शदाता को कार्य-निष्पादन पत्र जारी कर दिया गया है।

-ईपीसी निविदा दस्तावेजों को अंतिम रूप देने का कार्य प्रगति पर है।

इस कार्यक्रम में भारत के लॉजिस्टिक्स तंत्र को बदलने में एनएलडीएसएल के योगदान को दर्शाया गया।

सितंबर 2022 में अपनी स्थापना के बाद से यूलिप ने 11 मंत्रालयों की 43 प्रणालियों को एकीकृत किया है जो 129 एपीआई और 1,800 से अधिक डेटा फील्ड के जि?रए जुड़ी हैं, 1,300 से अधिक पंजीकृत कंपनियों को सशक्त बनाया है और 100 करोड़ से अधिक एपीआई लेनदेन को सक्षम किया है। यह प्रौद्योगिकी-संचालित प्लेटफ़ॉर्म भारत में एकीकृत, कुशल और पारदर्शी लॉजिस्टिक्स नेटवर्क के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण का उदाहरण है। उद्योग विकास कार्यक्रम में एनआईसीडीसी को मिली मान्यता भारत के औद्योगिक परिवर्तन को गति देने तथा वैश्विक विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में देश की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है।

## ‘मां हमारी बेटी बनकर पैदा होगी’, ठग सुकेश ने

# जैकलीन फर्नांडीज

## को फिर लिखा लव लेटर, मां की मौत पर कही ये बात



200 करोड़ की ठगी का आरोपी सुकेश चंद्रशेखर अक्सर ही बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज के लिए अपना प्यार जाहिर करते रहता है. अब उसने एक्ट्रेस को बाली द्वीप में ट्यूलिप गार्डन गिफ्ट किया है. इन दिनों सुकेश 200 करोड़ रुपये की जबरन वसूली के केस में दिल्ली की जेल में सजा काट रहा है. कथित तौर पर उसके जैकलीन से संबंध रहे हैं. दोनों की प्राइवेट तस्वीरें भी वायरल हुई थीं जिन्होंने सोशल मीडिया पर बवाल मचा दिया था.

सुकेश संग अपने रिश्ते पर जैकलीन ने कभी खुले तौर पर बात नहीं की. उन्होंने सुकेश पर गुमराह करने और धोखे में रखने के आरोप लगाए थे. हालांकि सुकेश के दिल में अब भी एक्ट्रेस के लिए बेशुमार प्यार हैं. वो जैकलीन के लिए आए दिन जेल से लेटर लिखता है. अब उसने फिर से एक्ट्रेस के लिए खत लिखा है जिसमें उसने बताया कि एक्ट्रेस की दिवंगत मां किम फर्नांडीज की याद में उसने जैकलीन को गार्डन गिफ्ट किया है. साथ ही कहा कि उनकी दिवंगत मां हमारी बेटी के रूप में जन्म लेंगी.



**सुकेश ने जैकलीन को गिफ्ट किया गार्डन**

जैकलीन की मां का इसी महीने की 6 तारीख को हार्ट अटैक के बाद निधन हो गया था. इसके बाद सुकेश ने उनकी मां के प्रति संवेदना व्यक्त की और एक खत एक्ट्रेस के नाम लिखा. खत में सुकेश ने लिखा, मैंने बाली में उस द्वीप का एक बड़ा हिस्सा खरीदा है, जहां खेती चल रही थी, अब यह एक पूरी तरह से प्राइवेट गार्डन है, जिसका नाम किम गार्डन है और इसका मालिकाना हक जैकलीन फर्नांडीज का है. मैं आज आपको ईस्टर पर मां की याद में यह गार्डन गिफ्ट में दे रहा हूं. बेबी, मैं आपको सांत्वना देने और यह एहसास दिलाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा हूं कि मैं इस बुरे समय में आपके साथ हूं. आपके आस-पास के लोग वहाँ होने का दिखावा करेंगे, लेकिन केवल अपने उद्देश्यों के लिए, मुझे यकीन है कि आपको ये पता है.

**हमारी बेटी के रूप में जन्म लेंगी मां**

सुकेश ने आगे लिखा, मां निश्चित रूप से हमारी बेटी के रूप में पुनर्जन्म लेंगी. बेबी, मैं सच में चाहता हूं कि आप अपने ईस्टर उपहार को देखने के लिए पिताजी के साथ जाए, जो मैं आज आपको दे रहा हूं, जो मां को डेडिकेट है, क्योंकि आप निश्चित रूप से उनकी उपस्थिति महसूस करेंगे.

**मैं ज्यादा दर्द में हूं**

सुकेश ने खत में आगे कहा, बेबी गर्ल, माँ ‘हमारे साथ’, ‘हमारे अंदर’ और हमारे अभिभावक के रूप में हमारे आसपास हैं. मुझे पता है कि तुम किस दर्द से गुजर रही हो, लेकिन मेरे प्यार, मैं ज्यादा दर्द में हूं. क्योंकि, बहुत ही कम समय में, मैं तुम सभी की तुलना में मां के सबसे करीब हो गया. यह पचाना बहुत मुश्किल है कि वह बहुत जल्दी चली गई, और मैं उनके साथ, वहां नहीं था. याद करो मां मुझसे क्या कहती थी और 2021 में मेरे बर्थडे पर उन्होंने मुझे जो नोट लिखा था, मैं मां से किए गए वादे पर कायम रहूंगा.

## 835 करोड़ की रामायण के लिए

# साई पल्लवी

## नहीं थीं पहली पसंद, ये एक्ट्रेस बनने वाली थीं सीता



नितेश तिवारी की रामायण मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक होने वाली हैं. रणबीर कपूर रामायण में भगवान राम के किरदार में नजर आने वाले हैं. वहीं मेकर्स इस बात का ऐलान कर चुके हैं कि रामायण को दो पार्ट में बनाया जाएगा और साल 2026-2027 की दिवाली के मौके पर इन्हें रिलीज किया जाएगा. फैन्स बेसब्री के साथ रामायण की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं. वहीं मेकर्स और स्टार कास्ट इस पर जमकर काम भी कर रहे हैं.



नितेश तिवारी की 835 करोड़ के बजट में बन रही फिल्म रामायण को लेकर हर दिन कई अपडेट्स सामने आ रहे हैं. अब खबर आई है कि फिल्म में सीता के किरदार के लिए पहले किसी और एक्ट्रेस को पूछा गया था. फिल्म में साई पल्लवी सीता के रोल में हैं. लेकिन वो इसके लिए मेकर्स की पहली पसंद नहीं थीं.

**श्रीनिधी शेट्टी बनने वाली थीं सीता ?**

पिंकविला की खबर के मुताबिक, सीता के रोल के लिए पहले केजीएफ एक्ट्रेस श्रीनिधी शेट्टी को अप्रोच किया गया था. खबर ये भी है कि उनका स्क्रीन टेस्ट भी लिया जा चुका था. सिद्धार्थ कनन के साथ एक इंटरव्यू में श्रीनिधी ने बताया कि इस फिल्म में सीता का रोल पहले उनके पास आया था, लेकिन उन्होंने इस रोल के लिए मना कर दिया, जिसके बाद ये किरदार साई पल्लवी के पास चला गया.

**इसलिए ठुकरा दिया ऑफर**

श्रीनिधी ने बताया कि ये रोल मुझे ऑफर हुआ था, लेकिन मैंने मना कर दिया, क्योंकि केजीएफ में लोग मुझे और यश को एकसाथ देख चुके थे और पसंद भी कर रहे थे, ऐसे में इस फिल्म में उनके ऑपोजिट काम करना शायद लोगों को पसंद ना आता.

आपको बता दें कि फिल्म में केजीएफ स्टार यश रावण के किरदार में नजर आने वाले हैं. फिल्म के पहले पार्ट की शूटिंग लगभग खत्म हो चुकी है. अब फिल्म के दूसरे पार्ट की भी शूटिंग जल्द शुरू की जाएगी. वहीं श्रीनिधी भी केजीएफ 3 के काम में बिजी हैं.

## तलाक के बाद एक्स वाइफ को किस्तों में चुकाने पड़े पैसे, अब 1200 करोड़ का मालिक है ये सुपरस्टार



बॉलीवुड के कई एक्टर्स को तलाक के बाद एक्स वाइफ को एलिमनी के रूप में करोड़ों रुपये का भुगतान करना पड़ा. इस एक्टर ने भी अपनी एक्स वाइफ को सालों पहले तलाक के बाद करोड़ों रुपये चुकाए थे. हालांकि एक्टर को ये रकम किस्तों में चुकानी पड़ी थी. लेकिन आज ये अभिनेता 1200 करोड़ रुपये की नेटवर्थ का मालिक है. यहां बात हो रही है जाने-माने एक्टर सैफ अली खान की.सैफ अली खान ने बॉलीवुड में साल 1993 में आई फिल्म ‘परंपरा’ से अपनी शुरुआत की थी. तब वो करीब 22 साल के थे. हालांकि डेब्यू से करीब दो साल पहले ही उन्होंने मशहूर एक्ट्रेस अमृता सिंह से शादी करके घर बसा लिया था. लेकिन दोनों का रिश्ता 13 सालों के बाद खत्म हो गया. तलाक के बाद सैफ ने अमृता को पांच करोड़ रुपये दिए थे. लेकिन उन्हें किस्तों का सहारा लेना पड़ा.

**1991 में हुई थी सैफ-अमृता की शादी**

अमृता सिंह 80 और 90 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस रह चुकी हैं. अपने दौर में उन्होंने कई शानदार फिल्मों में काम किया था. अमृता का दिल 32 साल की उम्र में सिर्फ 20 साल के सैफ अली खान पर आ गया था. दोनों ने परिवार वालों के खिलाफ अपने प्यार की खातिर 1991 में शादी कर ली थी.

**2004 में हो गया था तलाक**

शादी के बाद सैफ और अमृता ने दो बच्चों बेटी सारा अली खान और बेटे इब्राहिम अली खान का वेलकम किया था. दोनों साथ में एक खुशहाल लाइफ जी रहे थे. लेकिन शादी के कई सालों बाद दोनों ने तलाक लेकर अलग होने का फैसला लिया था. कपल ने 2004 में तलाक के साथ अपना रिश्ता खत्म कर लिया.

**सैफ ने अमृता को किस्तों में चुकाए पैसे**

तलाक के बाद सारा और इब्राहिम की कस्टडी अमृता को मिली थी. वहीं बताया जाता है कि एक्ट्रेस ने एलिमनी के रूप में 5 करोड़ रुपये की मांग की थी. वहीं सैफ बेटे इब्राहिम के 18 साल के होने तक अमृता को हर महीने एक लाख रुपये देने पर भी राजी हुए थे. लेकिन 5 करोड़ रुपये की रकम पर उन्होंने कहा था कि वो शाहरुख खान नहीं हैं और उनके पास इतना पैसा नहीं है. हालांकि एक्टर ने इसके लिए भी हामी भरी थी. बाद में उन्होंने दो किस्तों में अमृता को पांच करोड़ रुपये का भुगतान किया था.

## तैराकी से लेकर कथक और जापानी भाषा तक, ‘मिर्जापुर’ की स्वीटी के टैलेंट के आगे कई बड़ी एक्ट्रेसेस हो जाएंगी फेल, शाहरुख की फिल्म से क्या था डेब्यू



सचिन पिलगांवकर और सुप्रिया पिलगांवकर की राह पर चलते हुए उनकी बेटी श्रिया पिलगांवकर ने भी एक्टिंग में ही अपना करियर बनाया. यूं तो श्रिया ने अपने करियर में कई तरह के किरदार निभाए हैं, लेकिन प्राइम वीडियो की सीरीज ‘मिर्जापुर’ में निभाया गया उनका स्वीटी का किरदार काफी पॉपुलर है. इस सीरीज में वो पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु शर्मा जैसे सितारों के साथ दिखीं.श्रिया अपने चाहने वालों के बीच ‘मिर्जापुर’ की स्वीटी के नाम से फेमस हैं. आज यानी 25 अप्रैल को उनका बर्थडे है. वो अपना 36वां जन्मदिन मना रही हैं. इस मौके पर हम आपको उनके बारे में कुछ ऐसी चीजें बता रहे हैं, जो शायद ही आप जानते हों.

**शाहरुख खान की फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू**

श्रिया ने अपना एक्टिंग करियर साल 2013 में आई मराठी फिल्म ‘एकुलती एक’ से शुरू किया था. उसके तीन साल के बाद उन्हें उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म मिली. फिल्म का नाम है ‘फैन’, जो साल 2016 में आई थी. मनीष शर्मा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में शाहरुख खान लीड रोल में थे. श्रिया ने इस फिल्म में नेहा नाम का कैरेक्टर प्ले किया था.

मराठी और बॉलीवुड डेब्यू से पहले उन्होंने टीवी शो के लिए काम किया था. श्रिया जब महज पांच साल की थीं उस समय वो ‘तू तू मैं मैं’ नाम के सीरियल में दिखी थीं. इस सीरियल में उनके माता-पिता लीड रोल में थे. ये टीवी शो साल 1994 में आया था. श्रिया के बारे में कहा जाता है कि बचपन में पढ़ाई के साथ-साथ वो स्पोर्ट्स में भी अच्छी थीं. वो तैराक भी रह चुकीं हैं. उनके बारे में ऐसा बताया जाता है कि स्कूल के समय में स्विमिंग में उन्होंने कई मेडल्स अपने नाम किए थे.

अगर बात श्रिया के एजुकेशन की करें तो वो समाजशास्त्र में ग्रेजुएट हैं. इतना ही उन्होंने फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, पुणे से एक्टिंग में डिप्लोमा भी किया है. एक्टिंग का कोर्स करने के साथ-साथ वो कथक की ट्रेनिंग भी ले चुके हैं.

**जापानी भाषा जानती हैं श्रिया**

आज भले ही श्रिया एक्टिंग की दुनिया में हैं और अपनी उम्दा अदाकारी के जरिए लोगों का दिल जीत रही हैं, लेकिन उन्होंने खुद एक बार बताया था कि वो जापानी भाषा की ट्रासलेटर बनना चाहती थीं. श्रिया की इस भाषा में काफी अच्छी पकड़ है. इन बातों को देखते हुए अगर ऐसा कहें कि श्रिया टैलेंट के मामले में कई एक्ट्रेसेस को टक्कर देती हैं, तो ये कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा.